दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म .....



शाभिता जिगरा का बनी हिस्सा....


वर्ष : 09 | अंक : 351 | लखनऊ, 30 नवम्बर, गुरूवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.c

न्यूनतम तापमान 17.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,901.91

निफटी 20,096.60

# ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं करके दिखाती है: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू के मुद्दे पर अखिलेश यादव को दिया करारा जवाब

**मुख्यमंत्री ने कहा- आपकी समस्या हर मुद्दे का राजनीतिकरण करके समाज में अव्यवस्था पैदा करना है, कोरोना काल में लोग आपको समझ चुके हैं**

**डेंगू को लेकर सरकार अवेयर है, अंतरविभागीय समन्वय से संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया: सीएम योगी**

**सीएम बोले- मुख्यमंत्री राहत कोष से हम चेहरा देखकर पैसा नहीं देते, विपक्षी विधायकों को भी बिना भेदभाव उपलब्ध कराई है धनराशि**

**विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी ने चुन-चुनकर सारे आरोपों पर रखा सरकार का पक्ष**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू पर विपक्ष के सवालों का सीएम योगी ने करारा जवाब दिया। खासकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है तो याद रखना कि ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को डेंगू का इलाज नहीं मिल रहा और लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायकों के सवालों का जवाब डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक दे रहे थे। विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी खड़े हुए और उन्होंने चुन-चुनकर सारे आरोपों का जवाब दिया।



### पूरा जवाब सुनेंगे तो पुराना इतिहास याद आने लगेगा

सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष ने डेंगू पर जैसा प्रश्न किया, वैसा ही उसका उन्हें उत्तर मिल रहा है। जब प्रश्न ही उल्टा था तो उस उल्टे प्रश्न को सही करने का प्रयास था। अभी आपने आधा ही जवाब सुना है, पूरा सुनेंगे तो संभवतः पुराना इतिहास याद आने लगेगा। सीएम योगी ने कहा कि डेंगू को लेकर सरकार पहले से ही अवेयर थी। अंतरविभागीय समन्वय से संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया है। आपने सिर्फ डेंगू की बात की है, लेकिन जब वेक्टर बांड डिजीज की बात करते हैं तो उसमें डेंगू के साथ मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार जैसी डिडीज भी आती हैं। इन सभी से संबंधित वेक्टर बांड डिजीज हों या वाटर बांड डिजीज हों, इनके उपचार के लिए सरकार के स्तर पर एक समन्वित प्रयास किया गया है। उस समन्वित प्रयास के माध्यम से ही संचारी रोग नियंत्रण के एक विशेष अभियान को वर्ष में तीन बार चलाया जाता है। पहले 15 दिन अवेयरनेस के साथ-साथ अंतरविभागीय समन्वय से स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग होने के नाते सभी अन्य विभागों के समन्वय से इन कार्यक्रमों को नियंत्रित करता है। इसके बाद दस्तक अभियान के माध्यम से डोर टू डोर जाकर यदि कोई भी व्यक्ति बुखार से पीड़ित है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की सुविधा दिलाने की व्यवस्था करना शामिल है।

### सीएम ने विपक्ष को समझाया पूरे प्रदेश में बीमारियों का भूगोल

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में क्षेत्रवार बीमारियों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ आबादी का राज्य है और स्वाभाविक रूप से अलग-अलग क्लाइमेटिक जोन होने के नाते अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग बीमारियां देखने को मिलती हैं। जैसे आप ईस्टर्न यूपी से चलकर के नेपाल की तराई से लेकर सहानपुर तक देखेंगे तो इंसेफेलाइटिस से पूरा क्षेत्र प्रभावित था। अगर आप बरेली और बदायूं के आसपास के क्षेत्र को देखेंगे तो यह मलेरिया से ज्यादा संक्रमित रहता था। वाराणसी से प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर होते हुए फिरोजाबाद और आगरा तक पहुंचेंगे तो यह पूरा क्षेत्र डेंगू से प्रभावित है। बुंदेलखंड क्षेत्र में देखेंगे तो यह पूरा क्षेत्र चिकनगुनिया से प्रभावित है। बिहार से सटे हुए जो क्षेत्र हैं वहां पर कालाजार ज्यादा प्रभावी रूप से देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि आपने सिर्फ डेंगू की चिंता की, डेंगू पूरी तरह से नियंत्रण में हैं जो सरकार के द्वारा समय से उठाए गए कदमों का परिणाम है।

### हर जनपद में कार्य कर रहे ब्लड सेपरेटर यूनिट

सीएम योगी ने डेंगू के विषय में कहा कि यह एक प्रकार का फ्लू है। इसका अपना एक साइकिल होता है। मुझे आश्चर्य होता है कि जो सदस्य यह विषय उठा रहे थे वो जब चिल्ला रहे थे तो मुझे उनके स्वास्थ्य की भी चिंता हो रही थी। आपने जो बात कही है, वो ब्लड ट्रिप नहीं है उसको प्लेटलेट्स कहते हैं। वह पर्याप्त मात्रा में हर जनपद में उपलब्ध है। पहले क्या होता था कि हम पूरा ब्लड चढ़ाते थे। हर एक पेशेंट पर पूरे ब्लड की आवश्यकता नहीं है, खासतौर पर जो वायरल जनित बीमारियां होती हैं जिनमें डेंगू है या बहुत सारे ऐसे वायरस आते हैं जो प्लेटलेट्स काउंट को कम करते हैं। हम उस स्थिति में प्लेटलेट्स की अतिरिक्त आपूर्ति करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू 29 नवंबर से महाराष्ट्र का चार दिवसीय दौरा करेंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति 29 नवंबर से दो दिसंबर तक महाराष्ट्र का दौरा करेंगी। एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मंगलवार को स्कूली शिक्षा प्रणाली में योग का एकीकरण-विचार को व्यक्त करना थीम पर आयोजित किए जाने वाले एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी, जिसे कैवल्यधाम द्वारा अपने शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत लोनावाला में आयोजित किया जा रहा है। उसी शाम, वह खडकवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में राष्ट्रपति रात्रिभोज में भाग लेंगी। राष्ट्रपति 30 नवंबर को खडकवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 145वें पाठ्यक्रम की पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगी। वह आगामी 5वीं बटालियन की एक इमारत की आधारशिला भी रखेंगी। बयान में कहा गया एक दिसंबर को पुणे में मुर्मू सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे को प्रेसिडेंट्स कलर प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति डिजिटल तरीके से कम्प्यूटेशनल मेडिसिन के लिए सशस्त्र बल केंद्र प्रजना का भी उद्घाटन करेंगी। उसी दिन नागपुर में मुर्मू सरकारी मेडिकल कॉलेज, नागपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन करेंगी। बयान में कहा गया कि मुर्मू दो दिसंबर को नागपुर में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के 111वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

### बेमौसम बारिश से महाराष्ट्र में लगभग एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित: प्रारंभिक आकलन

**मुंबई** , महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि पिछले कुछदिन में बेमौसम बारिश के कारण महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। मुख्यमंत्री ने फसलों के नुकसान का प्रारंभिक आकलन का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक जिले में बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेमौसम बारिश से जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा हैं उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। शिंदे ने सोमवार को ठाणे में कहा, अधिकारियों को फसलों को हुए नुकसान का पंचनामा (सर्वेक्षण) करने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजे देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि शुरूआती आकलन में पता चला है कि पिछले कुछदिन में बेमौसम बारिश के कारण मराठवाड़ा, विदर्भ और उत्तरी महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में लगभग एक लाख हेक्टेयर भूमि में फसलें प्रभावित हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह किसानों और मजदूरों की सरकार है। सरकार हमेशा इन लोगों के साथ है। प्रारंभिक आकलन रिपोर्ट के अनुसार, 99,381 हेक्टेयर कृषि भूमि में फसलें प्रभावित हुईं। इनमें कपास, प्याज और अंगूर जैसी नकदी फसलों के साथ-साथ अन्य पारंपरिक कृषि उत्पाद भी शामिल हैं।

# नयी शिक्षा नीति नवाचार पर जोर देती है: अनुराग ठाकुर

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) युवाओं के लिए गतिशील ज्ञान के माहौल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप शिक्षा के माध्यम से नवाचार पर जोर देती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा जैसी प्रभावशाली पहल इम्तिहान से संबंधित तनाव को कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए उनके समर्पण को दशार्ती है कि देश के युवा समृद्ध भविष्य के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। वह रविवार को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया, नौवें दीक्षांत समारोह की शानदार सफलता पर जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, लगभग चार दशकों के बाद लाई गई नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा के माध्यम से नवाचार पर जोर देती है, जो भारतीय युवाओं के लिए एक गतिशील ज्ञान के माहौल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# सीएए को लेकर अमित शाह ने फिर भरी हुंकार

## इसे कोई नहीं रोक सकता, हम लागू करेंगे

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। **नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घोषणा की कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता। पार्टी के लोकसभा अभियान की शुरूआत करने के लिए कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में घुसपैठ रोकने में असमर्थ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठियों को वोटर और आधार कार्ड खुलेआम और अवैध तरीके से बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती है, क्या वहां विकास होगा?.. इसलिए ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं... लेकिन मैं कहूंगा कि सीएए देश का कानून है, और इसे कोई नहीं रोक सकता... हम इसे लागू करेंगे।



2020 में संसद द्वारा पारित, सीएए 2015 से पहले अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने वाले धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करता है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जोर देकर कहती है कि सीएए असंवैधानिक है और यह मुसलमानों को बाहर करता है और एक धर्मनिरपेक्ष देश में नागरिकता को आस्था से जोड़ता है। केंद्र ने पहले कहा था कि वह सीएए के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया में है। रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा था कि सीएए के नियम 30 मार्च 2024 तक तैयार कर लिए जाएंगे। बुधवार को, शाह ने एस्प्लेनेड में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया कि बनर्जी की सरकार ने कम्युनिस्टों के साथ मिलकर बंगाल राज्य को ₹बर्बाद₹ कर दिया।

शाह ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि सोनार बांगला और मां माटी मानुष के नारे के साथ कम्युनिस्टों को हटाकर ममता दीदी सत्ता में आईं। लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज भी बंगाल में घुसपैठ, तुष्टिकरण, राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आज आह्वान करने आया हूं, अगर 2026 में यहां भाजपा सरकार बनानी है, तो इसकी नींव 2024 के लोकसभा चुनाव में डाल कर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाइए। अमित शाह ने कहा कि 27 साल बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा, तीसरे टर्म में ममता बनर्जी की सरकार बनी। दोनों ने मिलकर बंगाल को बर्बाद कर दिया।

# फोन पर लूडो खेला, प्राकृतिक पानी में नहाया, इलाइची के दाने खाते रहे... उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे लोगों ने सुनाई आपबीती

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। अपने फोन पर लूडो खेलना, प्राकृतिक पानी में स्नान, मुरमुरे और इलायची के दानों का स्वाद - उत्तरकाशी सुरंग के अंदर बिताए गए लंबे घंटों ने झारखंड के खूंटी जिले के निवासी 32 वर्षीय चमरा ओरांव पर एक अमिट छाप छोड़ी है। चमरा ओरांव उन 41 लोगों में से एक था जो सुरंग में फंस गया था और 17 दिनों बाद वापस निकला। अस्पताल ले जाते समय द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए, ओराँव ने कहा कि ताजी हवा की गंध एक नए जीवन की तरह महसूस हुई। उन्होंने कहा, उसे बचाने का श्रेय 17 दिनों तक अथक प्रयास करने वाले बचावकर्मियों और ईश्वर को जाता है।

उन्होंने कहा ह्लजोहार (अभिवादन)! हम अच्छे हैं। हम भगवान में विश्वास करते थे और इससे हमें ताकत मिली। हमें भी विश्वास था कि 41 लोग फंसे हैं तो कोई न कोई हमें बचा लेगा। मैं अपनी पत्नी से बात करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता, ओरांव ने कहा, उनके तीन बच्चे खूंटी में उनका इंतजार कर रहे हैं।

इसके अलावा उत्तरकाशी में ढही सिल्कयारा सुरंग से बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक विश्वजीत कुमार वर्मा ने बुधवार को अपनी आपबीती सुनाई। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, श्रमिक ने कहा कि उसे और फंसे हुए अन्य लोगों को सुरंग के अंदर भोजन उपलब्ध कराया गया था। वर्मा ने कहा, ₹जब मलबा गिरा तो हमें पता चल गया कि हम फंस गए हैं। पहले 10-15 घंटों तक हमें कठिनाई का सामना करना पड़ा। लेकिन बाद में, हमें चावल, दाल और सूखे मेवे उपलब्ध कराने के लिए एक पाइप लगाया गया। बाद में एक माइक लगाया गया और मैं अपने परिवार के सदस्यों से बात करने में सक्षम हुआ।



# सूरत में रसायन फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लगी, 24 श्रमिक घायल

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। गुजरात के सूरत शहर में बुधवार को एक रसायन फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लग गई जिससे 24 श्रमिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत के प्रभारी मुख्य दमकल अधिकारी बसंत पारेख ने कहा कि सचिन जीआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रसायन फैक्टरी में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे ज्वलनशील रसायन के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया, जिसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। उन्होंने बताया, कम से कम 24 श्रमिक घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना के वक्त कितने श्रमिक फैक्टरी के अंदर थे। अन्य अधिकारी ने कहा, फैक्टरी की तीन मंजिला इमारत में विस्फोट के कारण आग लग गई और पूरी इकाई जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दमकल की 12 से अधिक गाड़ियां भेजी गईं और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने के आरोप में दो गिरफ्तार

**शराब पीकर मजा लेने के लिये की थी हरकत**

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। ओडिशा में राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस परकथित रूप से पत्थर फेंकने को लेकर मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूर्व तटीय रेलवे ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि ओडिशा में भुवनेश्वर-संबलपुर लाइन के ढेंकानाल-आंगुल खंड पर मेरामंडली और बुढापंक स्टेशनों के बीच रविवार को इन दोनों ने इस अर्ध हाई स्पीड ट्रेन पर कथित रूप से पत्थर फेंके थे। उस हमले में एक्जक्यूटिव क्लास डिब्बे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था और यात्रियों में दहशत फैल गयी थी। लेकिन कोई घायल नहीं हुआ था। पूर्व तटीय रेलवे ने एक बयान में बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पथराव करने वालों की तलाश शुरू की और तलाशी के दौरान आरपीएफ ने उस स्थान से दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया जहां यह घटना घटी थी। उसने कहा, इस सुनसान जगह पर रेलवे मार्ग के इतने करीब आने की वजह के बारे में जब दोनों से पूछा गया तो उन्होंने कबूल कर लिया कि शराब पीने के बाद वे मजे के लिए वहां आये थे और उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके थे। उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने कहा कि गुनाह कबूल करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।




# मोदी सरकार ने गरीबों को दिया बड़ा तोहफा

## अगले 5 वर्षों तक 81 करोड़ लोगों को मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को 81 करोड़ गरीबों को प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) योजना' को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया। इसे 1 जनवरी 2024 से लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत, केंद्र 1 जनवरी 2023 से शुरू होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है।

पिछले साल दिसंबर में, केंद्र ने पीएमजीकेएवाई को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के साथ विलय करने का निर्णय लिया।



अतिरिक्त खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए 2020 में PMGKAY की शुरूआत की गई थी। एनएफएसए के तहत, 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को दो श्रेणियों - अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले घरों के तहत कवर किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में करीब 13.50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए...प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया गया है...इससे 81 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा...इसमें 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का खर्च भारत सरकार करेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दे दी। कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना भारत में COVID-19 महामारी के दौरान 26 मार्च 2020 को भारत सरकार द्वारा घोषित एक खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना है। यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।

# रकम दुगनी करने का झांसा देकर लाखों रुपए हड़पने वाले एक शातिर ठग को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** लोगों को रकम दुगनी करने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक ठग को सरोजनीनगर पुलिस और क्राइम टीम ने मिलकर सरोजनीनगर इलाके से धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से 2 लाख 15 हजार रुपए के अलावा ठगी में प्रयुक्त की जाने वाली स्कॉर्पियो कार सहित नकली नोटों के भारी तादाद में कूपन भी बरामद किए हैं। जबकि इस मामले में शामिल तीन लोग अभी फरार हैं। बताते चलें कि बीते सोमवार को उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत भाऊमऊ गांव निवासी धर्मेंद्र ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजधानी लखनऊ के सैरपुर थानान्तर्गत रापरा सरौरा निवासी सूरज चौधरी ने उसे कुछ ही देर में रुपए दोगुने करने को कहा था। उसके कहने पर रविवार को धर्मेंद्र मोहनलालगंज के मौरावां रोड निवासी अपने दोस्त शुभम भारती के साथ 3 लाख रुपये लेकर सरोजनीनगर में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जैगुआर शोरूम के पीछे पहुंचा। जहां सफेद स्कॉर्पियो (यूपी 45 आर 1400) से पहुंचे अंबेडकर नगर निवासी रमेश और एक अन्य व्यक्ति ने उससे 3 लाख रुपये ले लिए और कुछ देर में दोगुना कर वापस देने की बात कहते हुए वहां से चले गए। लेकिन बाद में वह नहीं लौटे। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि धर्मेंद्र द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के बाद सरोजनीनगर पुलिस और क्राइम टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। तभी मंगलवार शाम पता चला कि रमेश सरोजनीनगर में ही न्यू गुड़ौरा पुल के पास शहीद पथ तिराहे



की ओर आने वाली सर्विस रोड पर मौजूद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और क्राइम टीम ने उसे वहीं से हिरासत में ले लिया। बाद में उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मूल रूप से गोंडा जिले के थाना खोडारे ग्राम जलालपुर बुधनी बाजार व हाल पता पीजीआई के पिपरौली, साउथ सिटी, रायबरेली रोड निवासी अजीत मौर्य उर्फ रमेश बताया। पुलिस ने उसके पास से तलाशी के दौरान 2 लाख 15 हजार रुपए नगद, घटना में इस्तेमाल की जाने वाली स्कॉर्पियो, 110 गड्डी सौ नंबर के कूपन नोट, 30 गड्डी दो सौ नंबर के कूपन नोट, 6 गड्डी पाँच सौ के कूपन नोट और 7 गड्डी पचास के कूपन नोट बरामद किए। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह राजेश, दीपक गुप्ता और राजधानी के सैरपुर थानान्तर्गत रापरा सरौरा व हालपता मुंबई महाराष्ट्र निवासी सूरज चौधरी के साथ मिलकर यह काम को अंजाम देते हैं। सूरज चौधरी फोन से लोगों को चिन्हित कर ठगी के लिए उपलब्ध कराता है। उसने बताया कि रविवार को वह प्रतापगढ़ निवासी अपने साथी राजेश और अंबेडकर नगर के अकबरपुर निवासी दीपक गुप्ता के साथ मिलकर स्कॉर्पियो गाड़ी (यूपी 32 जेसी 0007) की नंबर प्लेट की जगह (यूपी 45 आर 1400) की गलत नंबर प्लेट लगाकर ट्रांसपोर्ट नगर में जैगुआर शोरूम के पास शुभम और धर्मेंद्र के साथ धोखाधड़ी कर रूपयों को दोगुना करने का लालच देकर उनसे 3 लाख रुपये लेकर फरार हो गया था। उसने बताया कि ठगी करने के उद्देश्य से पहले वह लोगों को 100 रुपये के असली नोट को नकली बताकर बाजार में चलने के लिए देते हैं। लोग जब इन नोटों को बाजार में चलाते हैं तो आसानी से चल जाते हैं। जिससे उन्हें विश्वास हो जाता है कि नकली बताए गए नोट असली की तरह ही हैं। साथ में यह भी बताते हैं कि वह यह नकली नोट नेपाल से लेकर आते हैं। पूछताछ में बताया कि लोगों को रुपए दोगुने करने का लालच देकर भीड़ भाड़े वाले स्थान पर बुलाया जाता है और बैग में नकली कूपन नोटों की गड्डी में ऊपर और नीचे असली नोट लगाकर जल्दबाजी में दिखाते हैं। इसके बाद पुलिस का डर बताते हुए नकली नोटों से भरे बैग में छोटा ताला लगाकर भीड़ भाड़ के बजाय अलग हटकर चेक करने की बात कहते हुए उनके असली रुपए लेकर फरार हो जाते हैं। फिलहाल पुलिस ने अजीत मौर्य और रमेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## पैदल घर जा रही युवती का बाइक सवारों ने मोबाइल छीना

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर में सोमवार को बाइक सवार दो युवकों ने कोचिंग से पैदल घर जा रही युवती का मोबाइल छीन लिया और बाइक सहित फरार हो गए। पीड़िता ने इस मामले में सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के त्रिमूर्ति नगर निवासी स्व. संतोष कुमार बाजपेई की बेटी कलश वाजपेई के मुताबिक सोमवार को वह कोचिंग से अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में कॉल करने के लिए उसने अपना मोबाइल निकला। लेकिन इसी बीच उधर से गुजरे एक ही बाइक पर सवार दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और रहीमाबाद रोड की ओर बाइक सहित फरार्टा भरते हुए फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पीड़िता के होश उड़ गए। उसने आनन-फानन इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने पर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी युवकों की तलाश कर रही है।

## युवती का वीडियो वायरल व धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बीते शनिवार 23 नवंबर को एक गांव निवासिनी युवती ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही थी। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकवा निवासी उल्फत अक्सर रास्ते में छेड़छाड़ करता था, युवक ने धोखे से युवती का अश्लील वीडियो बना लिया था। इसके बाद से वह युवती को धर्मांतरण का दबाव बना रहा था। आए दिन युवती का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने साथ भागने के लिए मजबूर कर रहा था। घर की दीवार फांदकर घर में भी घुस आता था। जिसके चलते युवती मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धर्म परिवर्तन, छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# हाईटेंशन भूमिगत लाइन में फॉल्ट से कई घण्टे गुल रही बिजली

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बना बिजली विभाग का सिरदर्द

### दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप, लोग परेशान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बुधवार को जलामऊ के पास 33 केवी भूमिगत हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से एक उपकेंद्र की आपूर्ति कई घण्टे से बंद इससे नगर पंचायत सहित सैकड़ों गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित है, इससे पेयजल संकट भी गहरा गया है। फोरलेन लखनऊ हरदोई राजमार्ग को सिक्स लेन राजमार्ग में परिवर्तित करने का कार्य विगत 1 वर्ष से जारी है। इसके लिए जोनल मैनेजर स्तर के अभियंता अधिकारी के अधीन प्राधिकरण द्वारा संडीला बॉर्डर के पास स्थित क्षेत्रीय ऑफिस में जरूरी उपकरणों उपस्कर मशीनरी और मैन पावर उपलब्ध कराकर तेजी से कार्य कराया जा रहा है। परंतु काम में तेजी के चलते विभागीय कर्मचारी अंतर विभागीय सहयोग को धता बताते हुए मनमानी पर उतारू है, जिसका खामियाजा बिजली विभाग सहित आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

रहीमाबाद स्थित विद्युत पावर हाउस से मलिहाबाद स्थित तहसील पावर हाउस को 33 केवी लाइन से बिजली आपूर्ति कर संचालित किया जा रहा है। तहसील पावर हाउस से संचालित मिजार्गंज फीडर से जुड़ी लगभग 25 हजार और चांदपुर फीडर से जुड़े लगभग 36 गांवों की 75 हजार कुल मिलाकर लगभग एक लाख की आबादी आये दिन 33 हजार केवी केबिल फाल्ट की वजह से कई कई घंटे तक रोशनी और पेयजल के लिए तरसती रहती है।

इस संबंध में एसओ अजीत कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग अवर अभियंता द्वारा तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एक वर्ष में 9 बार हो चुका केबिल फॉल्ट

सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की लापरवाही से पिछले 1वर्ष से जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई के दौरान 9 बार भूमिगत केबिल काट दिए जाने से आम जनता 10-15 घंटों तक बिजली पानी के लिए तरसती रही।

बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद प्राधिकरण कर्मियों के रवैए में कोई अंतर नहीं आया और लगातार यह क्रम जारी है।

**केस 1** जालामऊ सड़क पर खुदाई के दौरान एक जेसीबी ऑपरेटर ने केबिल काटकर जनता को परेशान करने की परम्परा शुरू की गई थी।

**केस 2** तत्पश्चात ग्राम जिन्दौर स्थित कुंवर आसिफ अली डिग्री कॉलेज

**केस 3** फिर एक सप्ताह बाद भावाखेड़ा भूमिगत केबिल फॉल्ट

**केस 4.** 25 मार्च भतोइया में भूमिगत केबल फॉल्ट

**केस 4** फिर 12 दिन बाद रहीमाबाद थाने के पास केबिल उड़ा दी गई।

**केस 5** 24 अगस्त भतोइया में केबिल फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

**केस 6.** 29 सितंबर रहीमाबाद राधेलाल ढाबा भूमिगत केबिल फॉल्ट

**केस 7.** 5 अक्टूबर को कटौली में 33 केवी भूमिगत केबिल फॉल्ट

**केस 8.** 25 अक्टूबर को जालामऊ पास भूमिगत केबिल फॉल्ट

**केस 9.** 29 नवंबर जलामऊ के पास भूमिगत केबल फॉल्ट करीब 9 बार अब तक केबिल फॉल्ट हो चुका है। विद्युत विभाग व सड़क विभाग में तालमेल नही, जिसका खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण,

अवर अभियंता ने एनएचआई मैनेजर के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

विद्युत विभाग मलिहाबाद अवर अभियंता ने एन एच 731 राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचआई मैनेजर हैप्पी के खिलाफ रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास, ग्रामीणो में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज।** हुलासखेड़ा गांव में प्रशासन व पुलिस के रोकने के बाद भी कुछ अराजकतत्व बुद्धवार को जबरन ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर लगे बरगद के पेड़ में चबूतरा बनाकर कब्जा कर रहे थे। आस्था से जुड़े बरगद के पेड़ पर कब्जे की जानकारी पाकर दर्जनो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर नाराजगी जताते हुये पुलिस व प्रशासन को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज रंजीत कुमार समेत राजस्व व पुलिस की टीमो से भी अराजकतत्व भीड़े गये ओर ग्राम समाज की जमीन कब्जा करने पर उतारू हो गये।ग्रामीणो के बढते हुये आक्रोश को देखते हुये पुलिस ने आनन-फानन दो अराजकतत्वो को हिरासत में लेकर कोतवाली लेकर गयी।जिसके बाद एक भाकियू गुट के दर्जनो पदाधिकारियों व कार्यकर्ता पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये लोगो को कोतवाली छुड़ाने पहुंच गये ओर धरने पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने किसान नेताओ को मौके की स्थितियों से अवगत कराया ओर रोकने के बाद भी ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले प्रेम कुमार निवासी घुसवल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी समेत उसके रिश्तेदार चंदन का शांति भंग में चालान करने की बात कही।हालाकि पुलिस के सख्ती के आगे भाकियू नेताओ की एक ना चली ओर उन्हे कोतवाली से बैंरग वापस लौट गयें।ग्रामीणो ने बताया प्रेम कुमार ने हुलासखेड़ा गांव में दो साल पहले गांव के ही एक व्यक्ति का मकान व जमीन खरीदी ओर उसकी नजर ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर थी,हालाकि उस जमीन पर लगे वर्षो पुराने बगरद के पेड़ के चलते वो अपने मंसूबे में कामयाब नही हो पा रहा था,क्यो की बरगद का पेड़ ग्रामीणो की आस्था से जुड़ा था ओर महिलाये त्यौहारो में पूजा करती थी??।पूरे मामले की उपजिलाधिकारी समेत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गयी थी,जिसके बाद राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी ओर अधिकारियों को सौंपी गयी रिपोट में राजस्व टीम ने बरगद का पेड़ ग्राम समाज की सरकारी में होने की बात भी कही थी।ग्रामीणो ने सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले प्रेम कुमार समेत राम नारायण रावत के विरूद्ध कार्यवाही के लिये पुलिस को लिखित तहरीर दी है।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास करने वाले प्रेम कुमार व चंदन को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया गया है।

# चित्र वही पास होते हैं जिनके चेहरे से लगाव होता हैं -चंपत राय

## धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के प्रतीक गुरु तेग बहादुर साहिब जी का मनाया गया पावन शहीदी दिवस

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के प्रतीक परमपूज्य गुरु तेग बहादर साहिब जी के पावन शहीदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम संघ कार्यालय-भारती भवन राजेन्द्र नगर लखनऊ में सम्पन्न हुआ।

गुरुतेग बहादर जी का शहीदी दिवस कार्यक्रम में गुरुतेग बहादर जी के साथ अपना बलिदान देने वाले भाई सतीदास एवं भाई मतीदास के वंशजो को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।इसके साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्तम कार्य करने वाले विभिन्न मत-पंथों के गणमान्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ही श्रीगुरुतेग बहादर जी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी लगायी गई। साथ ही उनके साहित्यों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर गुरु तेगबहादर जी के साथ बलिदान होने वाले भाई सतीदास और मतीदास जी के वंशजों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कहा, जब गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस का आयोजन के लिए मुझे आमंत्रित किया गया। मेरा मन भाव से भर गया। उन्होंने कहा हम जब पढ़ते थे तो कुछ चित्र रखते थे, उनमें स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु तेग बहादुर जी भी थे। चित्र वही पास होते हैं जिसके चेहरे से लगाव होता है। वो बात याद आती है कि जब मिट्टी की और समाज की रक्षा करने के लिए हमारे बीच जन्म लेने वाले गुरु जी जिनमें साक्षात प्रभु ने जन्म लिया और अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।

दिल्ली का गुरुद्वारा अपनी कहानी







कहता है। उसको बार-बार दोहराना नहीं है। गुरु जी जिस अवस्था में बैठे रहते थे वो सामान्य नहीं था। ऐसा लगता था, जैसे परमात्मा से जुड़े हों। अन्यथा कोई भी प्राणी तलवार का भय जरूर खा जायेगा। परन्तु सिख धर्म के 9वें गुरु अपने पुत्र से प्रेरणा लेकर अपने को शहीद कर हम सबको जीने का तरीका दे गये। बड़े काम करने हैं तो बड़े कष्ट भी सहने पड़ते हैं। गुरुजी का जब बलिदान हुआ। वर्ष 1675 में उसी समय छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज की स्थापना की। उनके बलिदान का कालखंड अब करीब 350 साल का हो रहा है। इतने वर्षों के बाद भी हम उनका शहीदी दिवस मना रहे हैं। यह सामान्य बात नहीं है। उनका पूरा परिवार धर्म के लिए बलिदान हो गया। 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा बीती है। यह दोनों तिथियां निकट आ गई हैं। यह संयोग है। यह भगवान की भक्ति की श्रेष्ठता ही है। हम भी देश और धर्म की रक्षा के लिए कुछ कर सकें, कुछ दे सकें यही ईश्वर से कामना है।

इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए लेखक कवि व धार्मिक शिक्षण के प्रणेता सरदार ब्रिजेंद्रपाल सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हम उस

शख्सियत को याद कर रहे हैं, जिनके विषय में गुरु हरगोविंद सिंह जी ने कहा था कि यह अपनी कुबार्नी देगा और धर्म की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि गुरु जी अपने जीवन में एक बार मुस्कुराए थे। वे अपने माता पिता की 6वीं संतान थे। उनके पिता ने उनके जन्म के समय उनको प्रणाम किया। बुद्धिजीवियों के पूछने पर उनके पिता गुरु हरगोविंद सिंह बोले, यह शहादत की चादर बिछाकर हिंद की रक्षा करेगा। उनका बचपन का नाम त्यागमल रखा गया था। 13 साल की उम्र में जब करतारपुर की जंग में उनकी बहादुरी देखकर उनका नाम तेगमल से तेग बहादुर कर दिया था। उन्होंने अंतिम समय में कहा था कि मैं शहीद होकर अपनी कौम और धर्म की आत्मिक और शारीरिक मजबूती चाहूंगा।

वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य प्रशान्त भाटिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त ने भी अपने सभी 26 सांगठनिक जिलों में श्रीगुरु तेगबहादर जी के शहीदी दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया। सभी कार्यक्रम अपने तय समय पर सुनिश्चित स्थानों पर सम्पन्न हुये। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी, प्रांत प्रचारक कौशल जी, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, सरदार सतपालसिंह मीत - प्रवक्ता लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, हरमिन्दर सिंह टीटू - सचिव गुरुद्वारा नाका हिंडोला, सुरेन्द्र सिंह बक्शी - अध्यक्ष सिक्ख हिन्द मिशन, निर्मल सिंह - अध्यक्ष अलमबाग गुरूद्वारा, हरजीत सिंह गिन्नी - उपाध्यक्ष गुरुद्वारा आलमबाग, मनमोहन सिंह मोड़ी-अध्यक्ष गुरुद्वारा चंदर नगर, लखविन्दर सिंह, परमिंदर सिंह, गुरुद्वारा इंद्रा नगर, गुरूद्वारा गोमती नगर, गुरुद्वारा आशियाना, गुरुद्वारा सराय पाठक गणेश गंज आदि समस्त गुरुद्वारों से पदाधिकारी, साथ ही श्री गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति के पदाधिकारी प्रशान्त भाटिया, सुनील कालरा, आनन्द शेखर सिंह, सचिन आदि उपस्थित रहे।

# गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और जमीन पर अवैध कब्जा करने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित त्रिमूर्ति नगर निवासी विकास सिंह ने आनंद मौर्य, संजीत मौर्या, अनुज मौर्य, रघुराज यादव और दो-तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी और जमीन पर अवैध कब्जा करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विकास के मुताबिक भूमि खसरा संख्या 1441, 1442 और 1443, रकबा करीब 20 विस्वा भूमि सुरेंद्र सिंह के नाम से रजिस्टर्ड बैनामा व दाखिल खारिज है। जिसकी देखरेख व अन्य मामलों की जिम्मेदारी के साथ उसका रजिस्टर्ड मुख्तारनामा उसके पास है। विकास का आरोप है कि मंगलवार को वह भूमि देख-रेख के सिलसिले में वास्तुम सिटी, न्यू गुड़ौरा (बेहसा) गया तो उसकी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बाउंड्री के लिए पिलर लगाए जा रहे थे। इस पर जब विकास ने मौजूद लोगों से पूछा तो उन्होंने खुद का नाम दिनेश मौर्य का बेटा आनंद मौर्य व संजीत मौर्या बताया। दोनों ने बताया कि उन्होंने इस जमीन का किसान से एग्रीमेंट करा लिया है। विकास का कहना है जब उसने एग्रीमेंट देखने को मांगा तो आनंद मौर्य, संजीत मौर्या, अनुज मौर्य, रघुराज यादव और उनके साथी दो-तीन अन्य लोग उसके ऊपर हमलावर हो गए। गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग जाने की धमकी दी। उन्होंने धमकाया कि यहां से चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इस पर डरा सहमा विकास किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। विकास का कहना है कि बाद में उसने अपने एक मित्र सलमान को वहां पर भेज कर वीडियो कॉल करने को कहा। लेकिन आरोप है कि जब सलमान वीडियो कॉल करने के लिए वहां पहुंचा तो वहां पर काम कर रहे लोगों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसे बंधक बनकर उसे भी बुरी तरह पीटा। साथ ही किसी से घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल विकास की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** बिजनौर इलाके में बुधवार शाम एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गंवा दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के नटकुर निवासी भाई लाल (32) अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहकर मजदूरी करता था। बताते हैं कि भाई लाल बुधवार सुबह करीब 8 बजे तबीयत खराब होने की बात कह कर घर से बाहर चला गया। लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटा। शाम रीब 5 बजे गांव के बाहर जानवर चरा रहे लोगों ने देखा तो राजू के आम की बाग में भाई लाल आम के पेड़ से गले में मफलर के फंदे के सहारे मृत लटका था। यह दृश्य देखकर चरवाहों के होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना भाई लाल के परिजनों को दी। बाद में परिजनों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल उसने यह कदम क्यों उठाया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि जाँच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पड़ताल के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर, मौके पर मौत

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** बिजनौर इलाके में मंगलवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी सवारी युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर के कटरा मोहल्ला निवासी प्रॉपर्टी डीलर दानिश उर्फ जिया उल हसन (32) अपनी स्कूटी से मंगलवार रात करीब 11:30 बजे राजा बिजली पासी किला की तरफ से बिजनौर रोड होते हुए वापस घर जा रहा था। तभी बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित शहीद पथ अंडरपास के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दानिश की मौके पर ही



दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा करीब ढाई साल का एक बच्चा भी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर में मंगलवार को एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के पिता ने पड़ोसी प्रभात कुमार के बेटे मानस उर्फ रवि पर उसे बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसे संदेह है कि आरोपी उसके साथ कोई अप्रिय घटना अंजाम दे सकता है। सरोजनीनगर के रहने वाले व्यक्ति की माने तो मानस उसकी 22 वर्षीय बेटी को मंगलवार सुबह बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया है। पीड़ित ने मानस के ऊपर बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना करने का संदेह जताया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती और आरोपी मानस की तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### इनकम टैक्स टीम ने की स्लॉटर हाउस में छापेमारी

उन्नाव। शहर के दही थाना क्षेत्र के बिचपरी में संचालित माश एग्रो स्लॉटर हाउस में इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है। बताया जाता है कि आधा दर्जन वाहनो से पहुंचे करीब 14 अधिकारियों की छापेमारी से हडकंप मच गया। अधिकारी कंपनी व श्रमिकों के लेनदेन की जांच कर रही है। छापेमारी को पांच घंटे से अधिक समय बीत चुका है फिलहाल अभी अधिकारी फैक्ट्रियों के अंदर है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी चल रही थी।

### वृंदावन बैटलर्स प्लांट पर सेल टैक्स टीम ने मारा छापा, कर्मचारियों में मचा हड़कंप

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा मार्ग पर स्थित वृंदावन बैटलर्स प्लांट पर सेल टैक्स की 8 सदस्यीय टीम ने मारा छापा बटलर्श प्लांट के कर्मचारियों में मचा हड़कंप टीम के सदस्य प्लांट के दस्तावेजों की कर रहे पड़ताल। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा मार्ग पर स्थित वृंदावन बैटलर्स प्लांट पर बुधवार दोपहर अचानक सेल टैक्स की 8 सदस्यीय टीम सेल टैक्स के डिप्टी कमिश्नर संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पहुंची टीम के पहुंचते ही प्लांट के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया सूत्रों के अनुसार टीम के सदस्यों ने पहुंचते ही प्लांट के समस्त दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए और फैक्ट्री कर्मचारी के फोन स्विच ऑफ करा दिए। इस संदर्भ में जब टीम के सदस्यों से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका कहना था की जांच पूरी हो जाने के बाद मीडिया को जानकारी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार सेल टैक्स की टीम की जांच पड़ताल में टैक्स की चोरी पकड़ी गई है। टीम के सदस्य दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं समाचार भेजे जाने तक टीम के सदस्य प्लांट के अंदर मौजूद थे प्लांट गेट पर उनके साथ आए पुलिसकर्मी तैनात थे।

### घर में घुसकर युवक ने विधवा महिला के साथ की छेड़छाड़

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र से एक गांव की विधवा महिला ने अपने पड़ोस के युवक पर घर मे घुसकर छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाए है। पुलिस ने कर जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने की बात कही है।थाना बिहार क्षेत्र के एक गाँव से विधवा महिला ने अपने पड़ोस के ही रहने वाले लड़के विनोद तिवारी पुत्र सूर्य प्रसाद तिवारी पर आरोप लगाया है कि मंगलवार रात करीब 1 बजे मेरे कमरे में घुस आया और छेड़खानी करने लगा । मेरे द्वारा शोर मचाने पर मुझे व मेरे लड़के को जान से मारने की धमकी देकर चला गया । साथ ही वह गंदे गंदे कमेंट भी करता रहता है । आये दिन वह मेरे घर मे ताक झाक किया करता है । इसके पूर्व भी पुलिस में शिकायत की गई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से विनोद तिवारी के हौसले बुलंद है। थाना बिहार प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा व यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया बढ़ती सडक दुर्घटनाओं और यातायात नियमों का पालन हीं करने को लेकर यातायात अभियान जिला मुख्यालय से शुरू किया गया इस दौरान यातायात पुलिस वालेंटियर सहित एनसीसी की छात्र छात्राओं ने शहर के मुख्य चौराहे पर गुजरने वाले वाहन वालकों को अनूठे अंदाज में जागरूक किया संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करके दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है नियमों का स्वयं पालन करने के साथ ही आसपास के लोगों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है आयोजित कार्यक्रम में यातायात नियमों के पालन को लेकर अपील की उन्होंने लोगों से कहा कि शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं, सीट बेल्ट का हमेशा प्रयोग करें दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें हमेशा जेबरा क्रॉसिंग से पहले गाड़ी रोक दें और पैदल चलने वालों को रास्ता दें, जैसे नियमों के पालन पर ही चले उन्होंने कहा कि यातायात के कुछ नियमों का पालन करके हम दुर्घटनाओं से बच सकते हैं वहीं उन्होंने यातायात के संकेतकों के विषय में भी जानकारी दी आयोजन के दौरान एनसीसी कैडेट को यातायात नियमों को पालन करने की शपथ दिलवाई अंकित शुक्ला ने बताया की प्रतिदिन लापरवाही से सड़कों पर जा रही सैकड़ो लोगों की जान सड़कों पर दुर्घटना को कम करने के लिए एनसीसी आर्मी विंग के 20 छात्र 15 छात्राए कैडेट्स ने शहर के प्रमुख चौराहों पर दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चला रहे इस देश में सड़क दुर्घटना में हर रोज लगभग हजारो लोग अपनी जान गवां बैठते हैं. यह सभी लोगकी जान बच सकती है यह सब हमारी और आपकी लापरवाही का नतीजा है क्योंकि हम यातायात के नियमों का पालन ठीक से नहीं करते लेकिन इन दिनों उन्नाव कि सड़कों पर आपको एनसीसी कैडेट्स मिल जाएंगे जो लापरवाही बरतने वाले लोगों को जागरूक कर रहे हैं सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ने की वजह से दुर्घटनाएं भी औसतन ज्यादा हो रही है इन घटनाओं को केवल जागरूकता के जरिए ही कम किया जा सकता है संस्था कैडेट के लगभग 50 कैडेट्स ने उन्नाव के प्रमुख चौराहों पर जाकर लोगों को यातायात नियमों को पालन करने को जागरूक किया इस दौरान अमन सिंह विमल सोनू मोहित शुक्ला रानू अश्वनी अंकुश सोनम शिवानी शिवांशी कविता कोमल अनीता विनीता सुनीता अन्य मौजूद रहे।

## रामलीला मैदान में रामकथा शुरू होने के पूर्व कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। रामलीला कमेटी जो इस रामकथा का आयोजन रामलीला मैदान में कर रही हैं उसके अध्यक्ष संजय राठी व कमेटी के संरक्षक नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में रामकथा के पूर्व बड़े हनुमान मन्दिर से कथास्थल रामलीला मैदान तक कलश यात्रा आयोजित की जिसमें नगर के हजारों लोगों ने अपनी भागीदारी की।

महिलाओं के विशाल समूह का नेतृत्व संजय राठी की पत्नी ममता राठी व हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री एव म प्रभारी विमल द्विवेदी की पत्नी अनीता विमल द्विवेदी कर रही थी ।यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया ।भगवान राम के रथ के साथ नगर के हजारों लोग शामिल रहे ।इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भी यात्रा में शामिल होकर भगवान राम का आशीर्वाद लिया ।ज्ञात हो कि सुविख्यात रामकथा वाचक प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज की कथा रामलीला मैदान में 29 नवम्बर से सांय 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी और ये क्रम कथा 7 दिसंबर तक निर्बाध रूप से चलेगी ।इस कथा में सभी नगर वासियों से शामिल होने की अपील संजय राठी व विमल द्विवेदी द्वारा की गई हैं। इस अवसर पर धाम जिला कमेटी के संयोजक चल प्रकाश अवस्थी , अरविंद कमल,आरती यादव , प्रमोद शुक्ला, राजा गुप्ता, जगदीश माहेश्वरी, युवा अध्यक्ष ललित द्विवेदी, अखिलेश अवस्थी, इन्दु प्रकाश अवस्थी, नीतू सेंगर, दीपा त्रिपाठी, अजय त्रिवेदी,मोती श्याम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## ओटीएस द्वारा कैंप लगाकर ओटीएस के लक्ष्य को पूरा करने के दिए निर्देश



**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ पावर हाउस में एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस द्वारा कैम्प लगाकर सोहरामऊ पावर हाउस के अंतर्गत आशा खेड़ा गांव में एक मुस्त समाधान योजना का कैंप लगाया गया जिसमें मुख्य अभियंता का आवश्यक निरीक्षण किया गया एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत मुख्य अभियंता अवर अभियंता राजीव कुमार सिंह द्वारा आशा खेड़ा उन्नाव कैंप का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायत का निस्तारण करने व मीटर बदलने का निर्देश दिया गया व ओटीएस का लक्ष्य को पूरा करने को निर्देशित किया गया कैंप में अधिशाषी अभियंता अवर अभियंता दीनदयाल शर्मा उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप व अवर अभियंता दिनेश कुमार गौतम के अलावा आशुतोष वर्मा धर्मेंद्र दीक्षित उपस्थित रहे

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़त में एक की मौत, तीन घायल

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। दो बाइको की आमने सामने हुई भिड़ंत में दोनो बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सी एच सी भेजा जहां से एक की गंभीर हालत देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई वहीं दो घायल सी एच सी से भाग निकले.शाहजहाँपुर जनपद के थाना व कस्बा सेहरामऊ का मूल निवासी नीलेश सिंह(42)पुत्र संग्राम औरास ब्लाक में तैनात अपनी शिक्षक पत्नी निशा व दो बच्चो अंश (9) व आदित्य (7) के साथ सफीपुर कस्बे सरांय सूबेदार पूर्वी में आशियाना बनाकर रह रहा था ।वह प्रतिदिन पत्नी



निशा को विद्यालय छोड़ने के बाद सिंघाड़ा का व्यवसाय करने वाले पड़ोसी युवक विमल कश्यप (40) पुत्र भगवान शंकर के साथ उसके व्यापार में हाथ बटाता था ।बुधवार को वह पत्नी को विद्यालय छोड़ने कर बाद विमल के साथ बाइक से अपनी ससुराल उदशाह सिंघाड़ा व्यवसाय के सिलसिले में जा रहा था ।मियागंज मार्ग के गौरी गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गयी ।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनो बाइक बुरी तरह छतिग्रस्त हो गयी ।हादसे में नीलेश व विमल गंभीर रूप से घायल हो गए ।राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया ।नाजुक स्थित के चलते नीलेश को जिला अस्पताल भेज दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी मौत की खबर सुनते ही पत्नी व बच्चो में चीख पुकार मच गई प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मौके से दोनो बाइको को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेला को देखने जा रहे बाइक सवार युवक को चार पहिया वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है

थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंद पुर गांव निवासी दिनेश सिंह का छोटा लड़का शिवम सिंह 20 वर्ष नगर पंचायत औरास में रहता था और कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले को देखने के लिए घर से बाइक लेकर संडीला रोड जा रहा था कि संडीला की तरफ से तेज रफ्तार कार आ रही थी जिसने बाइक सवार युवक को बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी औरास ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और मृतक की मां ममता सिंह का रो-रो कर हाल बेहाल है।

मृतक के पिता ने गाड़ी नंबर यूपी 30 एएल0029 पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। थाना प्रभारी रेखा सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला मवेशी चरा कर घर वापस आई मां ने पुत्री को फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो उसके होश उड़ गए। कोतवाली क्षेत्र के चंदी गढ़ी निवासी बृजकुमार अपने पुत्र के साथ रिश्तेदारी में गया था घर में पत्नी जमुना व 24 वर्षीय पुत्री रीतू थी पत्नी जमुना अपने मवेशी लेकर जंगल चली गई घर में पुत्री को अकेले छोड़ गई थी वापस घर लौटी तो बंद दरवाजे के बाहर से पुत्री को आवाज दी जवाब न मिलने पर पड़ोसी के छत पर जाकर देखा तो पुत्री रीतू घर के बरामदे में छल्ले से रस्सी के सहारे लटक रही थी उसको लटकता देख वो रोने चिल्लाने लगी तो आवाज सुन पड़ोसियों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी अग्रिम क्कार्यवाही शुरू कर दी।

## मार्ग हुआ जर्जर श्रद्धालुओं को आने जाने में होती कठिनाई

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। बाबा मोहम्मद शाह की मजार व सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर तक सड़क मार्ग का निर्माण न होने से आवागमन को लेकर श्रद्धालुओं व क्षेत्रीय लोगों को भारी समस्या उठानी पड़ रही है। हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बाबा मोहब्बत शाह एवं सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर परआगामी 28 दिसंबर को लगने वाले तकिया मेला को लेकर जहां तैयारियां जोरों पर हैं वही मंदिर व मजार तक अवरुद्ध मार्ग को लेकर लोगों में आवा गमन को लेकर भारी चिंता व्याप्त है। एन एच 31 से निर्गत होकर बाबा की मजार व मंदिर तक जाने वाला खड़ंजा मार्ग कुछ तथा कथित लोगों के अवरोध लगाए जाने के कारण उसका निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है जिसके चलते आवागमन पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। उक्त संपर्क मार्ग से जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग बाबा की मजार व सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर में पू'जा अर्चना के लिए आते हैं वही ग्राम तकिया ,मुरार खेड़ा, चांदपुर, आट मन्नू खेड़ा,दुबाई , पाटन आदि स्थान के लोगों का आना-जाना रहता है। मार्ग का निर्माण न होने से वर्तमान समय में मार्ग पर धूल ही धूल नजर आ रही है । उत्तर प्रदेश के अन्य मेलों में इस मेले का अपना एक स्थान है जो प्रतिवर्ष वर्ष लोगों में आपसी सदभाव की ज्योति जला जाता है। ऐसे में मेला की तिथि से पूर्व श्रद्धालुओं वआम जनता के आवागमन के लिए मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक है। बाबा मोहम्मद शाह के गद्दी धर गुलाम हुसैन शाह व मंदिर पुजारी राजकुमार ने मजार व मंदिर तक आने वाले उक्त संपर्क मार्ग का अभिलंब निर्माण कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## बोलोरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, फुफेरे भाई बहन घायल




**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार फुफेरे भाई-बहन घायल हो गए। उन्हें मियागंज सीएचसी ले जाया गया। बहन की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया ।अचलगंज थानाक्षेत्र के सहकखेड़ा निवासी गोपी का पुत्र रणवीर (18) बाइक से फुफेरी बहन सरईंया निवासी शिवप्रसाद की बेटी ऐशू (18) के साथ औरास थानाक्षेत्र के गांव इनायतपुर बर्रा अपनी बहन के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्नाव-संडीला मार्ग पर हैदराबाद कस्बे के पास बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर घायल हो गए। मियागंज सीएचसी से बहन ऐशू की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि भाई बहन घायल हुए थे। बहन की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल भेजा गया है।

## बैंक द्वारा किया गया मेगा किसान क्रेडिट कैंप का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी**



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे ने बुधवार को किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा, फतेहपुर क्षेत्र द्वारा मेगा किसान क्रेडिट कैंप का आयोजन आज बुधवार को वेद गेस्ट हाउस, बिंदकी फतेहपुर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रचना मिश्रा, उप महाप्रबंधक नेटवर्क 3, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल व डी.के.श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रमुख, फतेहपुर क्षेत्र एवं अन्य कार्यपालकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहा पर मुख्य अतिथि रचना मिश्रा ने अपने मार्गदर्शी उद्बोधन में कहा कि किसान हित को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है जिसको किसानों तक पहुंचाने का काम बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आत्मीयता के साथ किया जा रहा है। किसानों की प्रगति हमारे देश की प्रगति है और बैंक ऑफ बड़ौदा जरूरतमंद किसानों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचा कर किसानों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए देश की प्रगति में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि बैंक की सहायता से कृषि में तकनीक का उपयोग करते हुए अपनी उपज बढ़ाएँ और स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत बनें तथा देश की आर्थिक प्रगति में भी योगदान करते रहें ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि क्षेत्र में दौरे पर जाते हुए दिखता है कि कई किसान अपनी मेहनत व समझ से वर्ष में तीन फसलों का भी उत्पादन करते हैं। सभी किसान एक दूसरे से प्रेरणा लेते हुए बेहतर उत्पादन पर ध्यान दें, बैंक ऑफ बड़ौदा ऐसे प्रगतिशील एव महतवाकांक्षी किसानों की सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर 400 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। जिसमें 21 करोड़ की राशि स्वीकृत तथा 15 करोड़ की राशि का वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम में फतेहपुर जनपद की शाखाओं के शाखा प्रमुख एवं 300 से अधिक किसान उपस्थितरहे। मुख्य शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा बिंदकी मनीष गुप्ता ने कृषकों और उद्यमियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की हुई तैयारी



**अमन लेखनी समाचार**

पयागपुर, बहराइच। श्रीराम जानकी ट्रस्ट द्वारा आगामी 3 दिसम्बर 2023 होने वाले श्रीराम जानकी ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की तैयारी विद्यालय समय के पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलखांवा में की गई। सभी प्रतिभागी बच्चों का प्रवेश पत्र सम्बंधित विद्यालय को उपलब्ध कराने के साथ ही सीटिंग प्लान, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराने तथा परीक्षा के पश्चात उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन की रणनीति बनाई गई. इस आशय की जानकारी केन्द्राध्यक्ष मार्तंड त्रिपाठी एवं प्रधानाध्यापक श्रीनिवास शुक्ल ने संयुक्त रूप से दी।

## अज्ञात चोरों ने दुकान से उड़ाए सामान व नकदी



**अमन लेखनी समाचार**

पयागपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम निगोह की एक दुकान से बीती रात अज्ञात चोरों ने लाखों का चूना लगा दिया। पीड़ित अंकित तिवारी ने तहरीर देकर स्थानीय थाने की चौखट खटखटाई है। तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि 28 नवंबर की रात लगभग एक बजे अज्ञात चोर उनकी दुकान का ताला तोड़कर दुकान में दाखिल हुए तथा दुकान में रखा हुआ सामान व लगभग तीन लाख पचास हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह जानकारी होने पर पुलिस से शिकायत की। थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

चिंतन

# सतत विकास पर ग्रहण लगा रहा क्लाइमेट चेंज

मोरक्को में महाविनाशकारी भूकंप और लीबिया में नरसंहारकारी बाढ़ जलवायु परिवर्तन के बड़े खतरे की ओर संकेत कर रहे हैं। दोनों देशों में भूकंप व बाढ़ के रूप में आई प्राकृतिक विभीषिका के चलत करीब दस हजार से अधिक लोगों की जान चली गई है, लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इससे पहले अमेरिका, जापान, यूरोप के कुछ क्षेत्र, पाकिस्तान, चीन, भारत में समय समय पर प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिली हैं। दुनिया के किसी ना किसी छोर में तूफान, भूकंप, बाढ़, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट, हिमस्खलन, भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाएं आती ही रहती हैं। इसके अलावा धरती पर लगातार बढ़ रहे तापमान की वजह से अत्यधिक गर्मी हो रही है, गर्मी का सीजन लंबा खिंच रहा है, ग्लेशियर के पिघलने की घटनाएं हो रही हैं। ये सभी प्राकृतिक आपदाएं जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से ना केवल प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में तेजी आ रही हैं, बल्कि कृषि समेत अन्य आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र सतत विकास एजेंडा 2030 को प्राप्त करने में वैश्विक प्रयासों को बेहद कमजोर कर रहा है। इस रिपोर्ट में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर जलवायु परिवर्तन और मौसमी प्रभावों की व्यवस्थित रूप से पड़ताल करते हुए कहा गया है कि भूख, गरीबी और खराब स्वास्थ्य से निपटने जैसे सतत विकास लक्ष्यों में से केवल 15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सही तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। सतत विकास के अन्य लक्ष्यों में स्वच्छ जल और ऊर्जा तक पहुंच में सुधार और टिकाऊ जीवन तथा विकास के अन्य पहलू शामिल हैं। 'यूनाइटेड इन साइंस 2023' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि "2030 एजेंडे को हासिल करने की दिशा में आधा समय बीत जाने के बाद विज्ञान इस बात को लेकर स्पष्ट है कि दुनिया अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने से बहुत दूर है।" संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत कम वैश्विक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह चिंता की बात है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 2020 में जारी वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के अनुसार अगले दशक में शीर्ष 5 जोखिमों में से सभी जलवायु से संबंधित होंगे। इन जोखिमों में मानवजनित पर्यावरणीय आपदाएँ, जलवायु कार्रवाई विफलता, प्राकृतिक आपदाएँ, जैव विविधता हानि और चरम मौसमी घटनाएँ शामिल हैं। पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, इसके बावजूद विश्व के देशों द्वारा उत्सर्जन में कटौती के वादे और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कटौती के बीच अंतर को कम करने में बहुत सीमित प्रगति हुई है। जलवायु परिवर्तन के चलते आने वाले वक्त में उपज में कमी, पशुधन पर कुप्रभाव, हीट स्ट्रेस, गर्मी जनित रोगों में वृद्धि, ऊर्जा की कमी, सड़क-रेल-हवाई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर प्रभाव जैसे संकट गहराने वाले हैं। भारत ने पिछले एक दशक में बाढ़ से लगभग तीन अरब डॉलर की आर्थिक क्षति उठाई है जो वैश्विक आर्थिक क्षति का 10 फीसदी है। सतत विकास के लक्ष्य में जलवायु परिवर्तन के अवरोध से वैश्विक स्तर पर निपटना तत्काल आवश्यक है। बिना देर किए तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने और ग्रीन तकनीक व पर्यावरण अनुकूल हरित अर्थव्यवस्था अपनाने की जरूरत है।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चीन से आयात में कमी का परिदृश्य

भारतीय मानक ब्यूरो ने अगले साढ़े तीन साल में 217 वस्तुओं पर एक-एक करके क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू किए जाने संबंधी सूची जारी की है। क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू होने के बाद इन सभी 217 आइटम के घरेलू निर्माण और आयात दोनों पर क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू होगा। इस सूची में अधिकांशतः चीन से सस्ते दाम पर आयात की जाने वाली कई वस्तुएं जिनमें घी-तेल पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले टिन से लेकर एसी से जुड़े कई आइटम के साथ-साथ छोटी-छोटी सजावटी वस्तुएं भी शामिल हैं, क्वालिटी कंट्रोल वाली सूची में लकड़ी की कई आइटम को भी शामिल किया गया है। इससे घरेलू फर्नीचर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा।

हाल ही में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एक दिसंबर 2023 से मई 2027 तक यानी अगले साढ़े तीन साल में 217 वस्तुओं पर एक-एक करके क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू किए जाने संबंधी सूची जारी की है। क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू होने के बाद इन सभी 217 आइटम के घरेलू निर्माण और आयात दोनों पर क्वालिटी कंट्रोल नियम लागू होगा। इस सूची में अधिकांशतः चीन से सस्ते दाम पर आयात की जाने वाली कई वस्तुएं जिनमें घी-तेल पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले टिन से लेकर एसी से जुड़े कई आइटम के साथ-साथ छोटी-छोटी सजावटी वस्तुएं भी शामिल हैं, क्वालिटी कंट्रोल वाली सूची में लकड़ी की कई आइटम को भी शामिल किया गया है। इससे घरेलू फर्नीचर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। अभी सस्ते दाम वाले लकड़ी के आइटम का आयात होता है और उससे फर्नीचर तैयार किया जाता है। क्वालिटी कंट्रोल से घरेलू स्तर पर भी इन वस्तुओं की गुणवत्ता सुधरेगी और घटिया माल का आयात भी नहीं हो सकेगा। अभी सैकड़ों छोटी-छोटी आइटम का आयात चीन से काफी कम दाम पर किए जाते हैं जो घटिया किस्म के होते हैं।

स्थिति यह है कि चीन से गुणवत्ता रहित अत्यधिक सस्ते उत्पादों के आयात के कारण कई घरेलू उत्पादकों ने इन आइटम का उत्पादन करना बंद कर दिया, क्योंकि वे आयातित माल से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते हैं। इन वस्तुओं पर क्वालिटी कंट्रोल लगाकर फिर से घरेलू स्तर पर इनका उत्पादन शुरू करवाना भी सरकार का उद्देश्य है। घटिया उत्पादों का आयात इसलिए कम या बंद हो जाएगा क्योंकि भारत में अपना माल भेजने वाली कंपनी को बीआईएस के अधिकारियों को अपने देश में बुलाकर अपनी यूनिट का दौरा कराना होगा और उनसे सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही वे भारत में अपना माल भेज सकेंगे जो आसान नहीं होगा। ऐसे में क्वालिटी कंट्रोल की मदद से खिलौने की तरह कई अन्य उद्योगों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिलने जा रहा है। गौरतलब है कि चीन से आयातित उत्पादों के घटने का सुकूनदेह परिदृश्य वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा हाल ही में प्रकाशित भारत-चीन व्यापार के अप्रैल से सितंबर 2023 की रिपोर्ट से उभरकर दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के द्वारा चीन से किए गए आयात का जो मूल्य अप्रैल-सितंबर 2022 में 52.42 अरब डॉलर था, वह घटकर अप्रैल-सितंबर 2023 में 50.47 अरब डॉलर रह गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2014 से लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर देते दिखाई दे रहे हैं। मोदी ने दीपावली से ठीक पहले मन की बात में कहा कि इस बार त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो, देश के युवा का टैलेंट हो। प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर स्वदेशी सामान ही खरीदने की अपील करते हुए कहा कि वे अपनी खरीदारी को सिर्फ दीया खरीदने या छोटे दुकानदारों से सामान लेने तक सीमित न रखे, बल्कि जीवन की विभिन्न बड़ी जरूरतों के लिए भी देश में निर्मित विभिन्न सामानों की खरीद तक विस्तारित करें। प्रधानमंत्री की अपील से शहरों से गांव तक स्वदेशी



सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। 10 साल पहले देश में जहां खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम की थी, वहीं आज यह सवा लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गई हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हाल ही में व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि देशभर में त्योहारों के दौरान दीपावली तक खुदरा और स्थानीय बाजारों में अच्छी रौनक रही और 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकार्ड कारोबार हुआ है। दीपावली त्योहारी बाजार में स्थानीय व घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ने और चीन से आयातित उत्पादों की मांग घटने का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया है।

खासतौर से जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देशभर में बढ़ती गई है। वर्ष 2019 से लेकर अब तक चीन से तनाव के कारण देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के उपभोक्ता त्योहारी बाजार सामानों की भारत में मांग में कमी आई है। सरकार के विगत क्वालिटी कंट्रोल नियम में 100 से अधिक वस्तुएं शामिल है। इनमें ज्यादातर चीन की है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार से दिवाली और अन्य त्योहारों पर स्थानीय उत्पादों की खरीदी पहले की तुलना में तेजी से बढ़ी है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों और दवा बनाने की मूल सामग्री बल्क ड्रग इंटरमीडिएट्स (एपीआई) के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। देश में खिलौनों के आयात में पिछले तीन वर्षों में करीब 70 फीसदी की कमी आई है। भारत के 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आते थे। पिछले तीन वर्षों में भारत का खिलौना निर्यात भी 300 करोड़ रुपये से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। फॉर्मास्युटिकल्स सेक्टर में वर्ष 2020 से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत बल्क ड्रग बनाने वाली 22 परियोजनाएं एपीआई योजना के दायरे में आ चुकी हैं। उसके भी अच्छे परिणाम मिलने लगे हैं। 2022-23 में चीन से भारत का बल्क ड्रग और इंटरमीडिएट्स का आयात 4.54 फीसदी घटकर 4.5 अरब डॉलर ही रह गया है।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चीन से आयात किया जाने वाले सस्ते दामों वाले मेड इन चाइना सामान का आयात घट गया है। चीन में निर्मित सस्ते कच्चे माल को प्राथमिकता देने वाले भारतीय उत्पादकों ने भी सस्ते कच्चे चीनी माल का आयात कम कर दिया है, लेकिन अभी चीन के साथ भारत का कुल व्यापार घाटा चुनौतीपूर्ण स्थिति में है। ऐसे में चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए हाल ही में नीति आयोग ने जिस नई कार्य योजना के लिए अध्ययन शुरू किया है, उसके तहत जरूरी होगा कि चीन को भारतीय निर्यात के लिए टैरिफ, गैर टैरिफ बाधाओं, नियामक पारिस्थितिकी तंत्र और बाजार पहुंच संबंधी चिंताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। हम उम्मीद करें कि हाल ही में जिस तरह एक दिसंबर से आगामी साढ़े तीन वर्षों में जिन 2017 वस्तुओं के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किया गया है, उससे चीन से आयात में भारी कमी आएगी। करोड़ों लोग चीनी उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाएँगे। इससे देश में कुटीर और ग्रामीण उद्योगों तथा हस्तशिल्प को पुनर्जीवित करके रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकेंगे। साथ ही देश आत्मनिर्भरता की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# लाजवाब थी बच्चन की मस्ती

मधुर भावनाओं से सुमधुर खींच कल्पना की हाला। कवि साकी बनकर आया है लेकर कविता का प्याला। कभी न कण भर खाली होगा लाख पियें दो लाख पियें। पाठकगण हैं पीने वाले, पुस्तक मेरी मधुशाला। एक तरह से सबका स्वागत करती है साकीबाला। अज्ञ-विज्ञ में है क्या अंतर हो जाने पर मतवाला? रंक-राव में भेद हुआ है कभी नहीं मदिरालय में। साम्यवाद की प्रथम प्रचारक है यह मेरी मधुशाला। हिन्दी साहित्य के 1935 के बाद के उत्तर छायावादी दौर में 'हालावादी' कवि हरिवंशराय बच्चन (जिनकी आज जयंती है) कवि सम्मेलनों में, जो उन दिनों खूब होते थे, अपनी मस्ती व मादकता से ओत-प्रोत काव्यकृति 'मधुशाला' के ऐसे अनूठे छंद सुनाते तो श्रोता झूम-झूम उठते। शायद इसलिए कि इन छंदों की मादकता गुलामी और निराशा के उस दौर में देशवासियों के विक्षुब्ध व वेदनाग्रस्त मन का आश्रय बन जाती और उन्हें ढाढ़स बंधाती थी। अपने कवि कर्म की इस सफलता से अभिभूत होकर बच्चन ने 1936 में 'मधुबाला' और 1937 में 'मधुकलश' जैसी कृतियां भी रचीं। फिर भी उनके कवि यश का बड़ा हिस्सा 'मधुशाला' के ही खाते में रहा। वह उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति बनी रही-भले ही कई प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार उनकी दूसरी कृतियों के हिस्से में चले गए। हां, 'मधुशाला' ने जहां उन्हें अपार लोकप्रियता दी, वहीं उनके लिए कई संकट भी पैदा किए। उनके समकालीन ज्यादातर आलोचकों का कहना था कि वे 'मधुशाला' के बाद कुछ भी न लिखें, तो भी उन्हें भुलाया नहीं जा सकेगा, लेकिन उनके प्रशंसकों के सौभाग्य से प्रकृति ने उन्हें 95 साल से ज्यादा की उम्र दी और वे लगातार अपनी सृजनयात्रा जारी रख सके। 1966 में राज्यसभा के सदस्य मनोनीत किये जाने के बाद भी उन्होंने लेखन व सृजन से अवकाश नहीं लिया। प्रसंगवश, 1907 में आज के ही दिन प्रतापगढ़ जिले के बाबूपट्टी गांव में उनका एक कायस्थ परिवार में जन्म हुआ था। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले की अमोढ़ा रियासत के निवासी इस परिवार के पूर्वज बाद में प्रयाग व प्रतापगढ़ आदि में आ बसे थे।



बच्चन के पिता प्रतापनारायण श्रीवास्तव और माता सरस्वती देवी ने बचपन में लाड़ के मारे उन्हें 'बच्चन' कहना शुरू किया तो उन्हें मालूम नहीं था कि आगे चलकर यह बच्चन उनका उपनाम हो जाएगा और वे सन्नाम होंगे तो 'हरिवंश राय श्रीवास्तव' से 'हरिवंश राय बच्चन' हो जाएंगे। अभी वे उन्नीस साल के ही थे और उनकी शिक्षा भी ठीक से पूरी नहीं हुई थी कि उन दिनों के रिवाज के अनुसार चौदह वर्षीया श्यामा के साथ विवाह के बंधन में बांध दिए गए। पर दुर्भाग्य यह कि श्यामा जल्दी ही क्षयरोग की शिकार होकर यह संसार छोड़ गईं। इसके पांच साल बाद 1941 में रंगमंच और गायन से जुड़ी पंजाब की तेजी सूरी बच्चन की जीवनसंगिनी बनीं। तेजी को श्रीमती इन्दिरा गांधी के बेहद करीब माना जाता था और उन्होंने शेक्सपीयर के कई अनूदित नाटकों में अभिनय भी किया था। तेजी से विवाह के बाद की गई बच्चन की 'नीड़ का निर्माण फिर' शीर्षक रचना, जैसा कि उसके नाम से ही जाहिर है, उनके निराशा से उबरकर जीवन की ओर लौटने का 'संदेश' थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने आत्मकथा को छोड़ अपनी किसी भी कृति में अपने किसी पारिवारिक प्रसंग का जिक्र नहीं किया। इस 'अलग रवानी' ने उनके खाते में कई पुरस्कार और सम्मान डाले। 1968 में उनकी 'दो चट्टानें' नामक कृति के लिए उन्हें प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसके अनंतर उन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार और एफ्रो एशियन सम्मेलन के कमल पुरस्कार भी मिले। बिडला फाउंडेशन ने उनकी चार खंडों में प्रकाशित आत्मकथा 'क्या भूलूं क्या याद करूं', 'नीड़ का निर्माण फिर', 'बसेरे से दूर' और 'दशद्वार से सोपान तक' के लिए उन्हें सरस्वती पुरस्कार से सम्मानित किया था, जबकि 1976 उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। शुरूआत जीवन में वर्ष 1941 से 1952 तक वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता और साथ ही आकाशवाणी के इलाहाबाद केंद्र से ज़ुड़े रहे थे।

# जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा। *-श्री श्री रविशंकर*

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

# क्लब फुट से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए चिकित्सकों को किया गया प्रशिक्षित

## आरबीसके आरबीएसके के तहत अनुष्का फाउंडेशन ने प्रशिक्षित किया प्रशिक्षकों को

**लखनऊ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम( आरबीएसके ) के तहत स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट (एएफईसी) क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का इलाज करती है इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संस्था के सहयोग से बुधवार को दो दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एरा मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल आठ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महानिदेशक, परिवार कल्याण डा. बृजेश राठौड़ का कहना है कि क्लबफुट बीमारी बच्चों में अंदर की ओर मुड़े हुए पैरों की एक जन्मजात विकृति है। संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य क्लबफुट के इलाज के लिए पॉनसेटी विधि में मास्टर ट्रेनर्स को विकसित करना है क्लब फुट से पीड़ित बच्चों के इलाज में यह विधि कारगर है संस्था ने राज्य सरकार के साथ साझेदारी की है ताकि वह क्लबफुट कार्यक्रम को लागू कर सके। संगठन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), आशा कार्यकताओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, समुदाय स्वास्थ्य केंद्रों और अस्थि रोग विशेषज्ञों के साथ सहयोग करता है जिससे कि क्लबफुट और उनके उपचार कार्यक्रम के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आरबीएसके की उप महाप्रबंधक डा. रेशमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आठ लखनऊ, कानपुर, बस्ती सहित आठ जनपदों के जिला अस्पतालों के अस्थि रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित किया जा रहा है संस्था के प्रोग्राम मैनेजर सिरीष श्रीवास्तव और आशीष भदौरिया ने बताया कि इससे पहले गत सप्ताह भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर अस्थि रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित किया गया था एएफईसी के क्लबफुट कार्यक्रम के माध्यम से साल 2030 तक क्लबफुट से पीड़ित 70 फीसद बच्चों को पंजीकृत करने का लक्ष्य है इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत में लगभग 200 प्रशिक्षकों की आवश्यकता होगी इसी क्रम में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

इस मौके पर प्रशिक्षण, संयुक्त निदेशक अमित सिंह, एरा मेडिकल कॉलेज के कुलपति डा.ए.ए.मेहंदी और एरा मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग के विभागाध्यक्ष डा. जी.के. सिंह मौजूद रहें

### पीएमएमवीवाई के पंजीकरण के लिए आज से दो दिवसीय अभियान

लखनऊ। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना( पीएमएमवीवाई ) 2.0 के अंतर्गत विशेष पंजीकरण अभियान 30 नवंबर से एक दिसंबर तक चलेगा यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने दी उन्होंने बताया कि पीएमएमवीवाई योजना में बदलाव हुआ है

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने योजना में बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएमवीवाई 2.0 में अब तीन किस्तों में मिलने वाले पांच हजार रुपए दो किस्तों में मिलेंगे। पहले, प्रथम किस्त के रूप में 1000 रुपये, दूसरी किस्त के रूप में ( गर्भावस्था के छह माह बाद ) 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर तीसरी किस्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते थे। अब यह धनराशि दो किस्तों में मिलेगी। प्रथम किस्त ( तीन हजार रुपये ) प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर और दूसरी किस्त ( दो हजार रुपये ) बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने, बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर मिलेगी। जिसके तहत पहली बार मां बनने वाली गर्भवती एवं दूसरी बार मां बनने पर कन्या पैदा होने के पश्चात पेन्टा थर्ड का टीकाकरण पूर्ण होने पर फॉर्म भरा जाएगा दूसरा बच्चा अगर कन्या है और वह एक अप्रैल 2022 के बाद पैदा हुई है तो उसका फॉर्म 31 दिसंबर 2023 तक भरा जा सकता है उसके पश्चात फॉर्म अंतिम मासिक चक्र के 570 दिनों तक ही भरा जाएगा।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थी इस अभियान का लाभ उठायें और अपना पंजीकरण कराएं

पीएमएमवीवाई के नोडल अधिकारी डा. आर.एन.सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं - माँ का आधार कार्ड , एमसीपी कार्ड, प्रसवपूर्व जांच की तारीख, आदि इसके अलावा आठ लाख से कम आय की स्थिति में आय प्रमाण पत्र या बीपीएल राशन कार्ड या ई-श्रम कार्ड या आयुष्मान कार्ड या मनरेगा कार्ड आवश्यक होगा महिला किसान की स्थिति में लाभार्थी को किसान सम्मान निधि का लाभार्थी होना जरूरी है यदि लाभार्थी दिव्यांग है तो 40 फीसद से अधिक दिव्यांगता की स्थिति में प्रमाण पत्र जरूरी होगा इसके अलावा यदि लाभार्थी अनुसूचित जाति या जनजाति से है तो उस स्थिति में जाति प्रमाण पत्र जरूरी है आधार कार्ड का बैंक खाते के साथ लिंक होना आवश्यक है जिसके बाद लाभार्थी को 3000 रुपये की पहली किस्त और बच्चे के जन्म के बाद दूसरा फॉर्म भरने पर 2000 रुपये मिलेगा गर्भवती और धात्री आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका भी इस योजना का लाभ उठा पायेंगी इसके अलावा दूसरी बार गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिला को दूसरा शिशु बालिका होने पर 6000 रुपये का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा इसके लिए लाभार्थी को बच्चे का टीकाकरण कार्ड सहित अन्य सभी पहचान पत्र जो ऊपर दिए गए हैं उसके सत्यापन के बाद ही 6000 रुपये का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा इसके साथ ही बच्चे का जन्म एक अप्रैल 2022 या उसके बाद हुआ हो सरकारी कर्मचारी इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे

नोडल अधिकारी ने जानकारी दी कि योजना का लाभ पाने के लिए पिता के आधार कार्ड की अनिवार्यता खत्म कर दी गयी है। योजना में पहले पिता का आधार कार्ड होना अनिवार्य था उन्होंने कहा इससे अब उन महिलाओं को भी लाभ मिल सकेगा जो तलाकशुदा और सिंगल मदर हैं। केवल मां के आधार कार्ड पर योजना का लाभ मिल सकेगा पीएमएमवीवाई का फॉर्म भरने के संबंध में अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी अपने क्षेत्र की आशा/एएनएम से संपर्क करें। योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक सुधीर कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 की धारा 4 के तहत प्रावधानों के अनुसार योजना का उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसका उद्देश्य मां और बच्चे के लिए पोषण के साथ-साथ मजदूरी के नुकसान के लिए आंशिक मुआवजे के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना है। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाती है। योजना का लाभ पाने के लिए अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम से संपर्क करें

## संक्षेप

### सगाई के रस्मों का गवाह बनता है अमौनी मेला

**आदि गंगा गोमती में हजारों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, मेले में खरीदारी को जुटी भीड़**

मिल्कीपुर, अमौनी में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले का महत्व यूं ही नहीं है। यहां लगने वाला मेला प्रत्येक साल दर्जनों जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने का गवाह भी बनता है। वर व वधू देखाई की अनौपचारिक रस्म पहली बार यहीं पूरी होती है। इसके बाद शादियां तय होती हैं। यहां के मेले में इलाके के ही नहीं बल्कि पड़ोसी जनपद बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी व गोंडा के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। पास पड़ोस के गांव में हर घर में मेहमानों का डेरा होता है। तपोस्थली अमौनी में ही कल्याणी व गोमती का मिलन हुआ है। इसलिए यहां पर सगाई की रस्म को वरीयता दी जाती है। मान्यता है कि यहां पर सगाई करने से दाम्पत्य जीवन सुखमय होता है।अमौनी स्थित सन्तोष भारती के समाधि स्थल पर लगने वाले मेले में प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। थानाध्यक्ष बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किया गया है। सुरक्षा को लेकर बाबा बाजार पुलिस के अलावा थाना कोतवाली इनायत नगर, कुमारगंज, खंडासा, मवई, पटरंगा थाने के अलावा एक सेक्सन पीएसी तैनात की गई है। जो 15 अलग अलग प्वाइंट पर तैनात रहकर निगरानी कर रहे हैं। आरजकतत्वों पर खास नजर रखने के साथ-साथ मेले को सकुशल सपन्न कराने में जुटे हैं। आदि गंगा गोमती नदी में स्नान करने के बाद मेले का भ्रमण कर रहे हैं।

### घर के अंदर फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आर्थिक तंगी बताया जा रहा कारण**

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में अधेड़ कालिका प्रसाद का शव टीन शेड के अंदर फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना उस वक्त की बताई जा रही है जब घर के सदस्य कृषि कार्य के सिलसिले में खेत गए थे। खेत से वापस लौटने पर परिजनों को शव घर के अंदर टीन सेट की पाइप से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिका प्रसाद पुत्र सहदेव उम्र करीब 48 वर्ष लकवा के कारण पिछले कई महीनों से अवसाद ग्रस्त चल रहे थे। घर के सभी परिजन कृषि कार्य से खेत खलिहान की ओर गए थे। खेत से काम करने के बाद जब परिवार के सदस्य घर वापस लौट कर आए और देखें की कालिका का शव घर के टीन शेड में फंदे से लटक रहा है। ऐसा देख परिजनों में कोहराम मच गया रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव ने शव का पंचायत नामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जो पढ़ेगा वही आगे बढ़ेगा: पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा

**समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच।फखरपुर ब्लॉक के नंदवाल ग्राम पंचायत स्थित श्री महंत जागेश्वर पूरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुंट बिहारी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर प्रधानाचार्य व अन्य सहयोगियों ने आए हुए मेहमानों को माल्यार्पण का स्वागत अभिनंदन किया।स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के देशभक्ति गीतों पर अनेको कार्यक्रम पेश किए।जिसमें पढ़ाई में अच्छे नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद ने बच्चों को संबोधित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने अपने संबोधन में बताया जो पढ़ेगा वही आगे बढ़ेगा। इसलिए मन लगाकर सभी बच्चों खूब पढ़ाई करो व बच्चों के अभिभावक की जिम्मेदारी महेज अच्छे स्कूलों में एडमिशन कराना नहीं है साथ-साथ यह भी ध्यान दिया जाए मेरा बच्चा क्या पढ़ रहा है और संगत कैसी है। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ स्कूल के प्रबंधक व शिक्षकों की जमकर तारीफ की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे, हेम सिंह चौहान, हृदय राम गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्ना सिंह, श्याम जी त्रिपाठी, विनय कुमार उपाध्याय, स्कूल प्रबंधक चक्र प्रसाद वर्मा, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा, पुष्पेंद्र वर्मा, सुरेंद्र प्रकाश गौड़, सत्रोहन मिश्र, सियाराम वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, विनय उपाध्याय मौजूद रहे। संतोष मिश्रा ने मंच संचालन किया।

# परेशान इंडियन बैंक खाता धारक, जिलाधिकारी को लिखा शिकायती पत्र

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच।इंडियन बैंक रूपईडीहा एवम इंडियन बैंक बाबागंज के कई उपभोक्ता खाता ट्रांसफर की समस्या से परेशान हैं। खाता धारकों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इनकी शिकायत की है। इंडियन बैंक खाता धारक जरीना बानो पत्नी मोहम्मद शफीक, रामरानी, जरीना पत्नी अकबर अली निवासी रूपईडीहा ने बताया की हम गरीबों के खाते में सरकार द्वारा आवास योजना के अंतर्गत पहली किस्त की राशि हमारे खातों में आई है।एक सप्ताह से बैंक के शाखा प्रबंधक परेशान कर रहें हैं। बताते चलें इसी मार्च 2023 से इंडियन बैंक की रूपईडीहा शाखा विस्तार पटल कर पूर्ण रूप से शाखा बना दी गई। जिससे इनका ब्रांच कोड चेंज हो गया। अब बैंक द्वारा खाता धारकों को यह कहकर परेशान किया जाता है कि आपका खाता बाबागंज में संचालित है। बाबागंज के शाखा प्रबंधक कहते हैं खाता रूपईडीहा ब्रांच में ट्रांसफर हो चुका है। खाता धारक दो बैंक शाखाओं की बीच चक्कर पे चक्कर लगा रहा है। जिससे समय नष्ट हो रहा है। मजदूरी करने भी नही जा पा रहा है। इसलिए जिलाधिकारी से गुहार लगाकर जांच की मांग की है।

# अमेठी में फरार आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**ढोल बजाकर पूरे गांव में कराई मुनादी, सरेंडर नहीं करने पर संपत्ति होगी कुर्क**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में जानलेवा हमले के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त पर पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी के घर पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया है।इस दौरान पूरे गांव में ढोल नगाड़ों से मुनादी भी करवाई गई है। अगर अभियुक्त ने एक महीने के भीतर सरेंडर नही किया तो न्यायालय के आदेश पर उसके घर की कुर्की भी की जाएगी। अप्रैल महीने में आरोपी ने गांव के ही एक युवक पर जानलेवा हमला किया था। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के उरेरमऊ मीरमऊ गांव का है, जहां बीते अप्रैल महीने में गांव के रहने वाले रामू ने गांव के ही राजू पर जानलेवा हमला किया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी राजू मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में छापेमारी करती रही, लेकिन कामयाबी नही मिली। वारंट के बाद फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। भारी संख्या में आरोपी के गांव पहुंची पुलिस ने ढोल बजाकर पूरे गांव में मुनादी कराते हुए आरोपी रामू पुत्र राज प्रसाद के घर पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया है।

# अमेठी के सभी सरकारी कार्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित

**कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाया संकल्प**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में 26 नवंबर का दिन भारत का एक ऐतिहासिक दिन होता है। इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। आज संविधान दिवस के मौके जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। डीएम राकेश कुमार मिश्र ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ₹हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आजादी मिलते ही देश को चलाने के लिए संविधान बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया। इसी कड़ी में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए प्रारूप समिति की स्थापना की गई और इसके अध्यक्ष के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर को जिम्मेदारी सौंपी गई। दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने-परखने के बाद डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर लिया। 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया, इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर एडीएम अर्पित गुप्ता,एसडीएम गौरीगंज अभिनव कनौजिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेवल त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुलतानपुर में निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन

**5500 लोगों को वितरित किया गया चश्मा, 4500 को ठंड से बचने के लिए दिया गया कंबल**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में लोकाधिकार सेवा समिति के बैनर तले निशुल्क कैंप लगाकर 5500 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही 4500 पात्र लोगों को कंबल वितरित किया गया। कूरेभार में गीता मंदिर पर निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम किया गया। चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्ष जरूरत मंद लोगों को ठंड से बचने के लिए संस्था द्वारा कंबल वितरण का कार्य बिना भेदभाव किया जाता है। हर वर्ग के लोग जिसमें पहुंचते हैं। आज 5500 लोगों को चश्मा वितरण किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि सदर जयसिंहपुर विधायक राज बाबू उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक और डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला शामिल हुए। इस दौरान लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय सचिव व जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिंकू भैया, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला, मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह, कूरेभार ब्लॉक प्रमुख सोनू सिंह, लंभुआ सीओ अब्दुल सलाम, विनोद कुमार पांडे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शिवकुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, राजेश शुक्ला, जयसिंहपुर एसडीएम अरविंद कुमार, खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर निशा तिवारी, कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार कसौधन, अयोध्या कसौधन, छोटे लाल कसौधन, देवी प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर में बीएसएफ जवान पर जानलेवा हमला

**सपा जिलाध्यक्ष के बेटे सहित डेढ़ दर्जन के खिलाफ दी गई तहरीर, पटाखे फोड़ने को लेकर हुआ था विवाद**

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर, हमीरपुर में बीती रात एक बीएसएफ जवान पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल जवान को सी.एच.सी ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया है। घायल जवान ने सपा जिलाध्यक्ष के बेटे सहित एक दर्जन लोगों पर दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बात कह रही है। बीएसएफ जवान के साथ मारपीट का यह मामला मौदहा कोतवाली कस्बे का है। यहां रागौल में बच्चों के पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। मामले ने इतना तूल पकड़ा की नौबत मारपीट तक पहुंच गई। आरोपियों ने चाय की दुकान पर बैठे इरत्र जवान मुहम्मद शाहिद को दौड़ा लिया और उसपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में जवान गंभीर घायल हुआ है। जिसे परिजन मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे, जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया है। फौजी की बहन फरजाना ने बताया की भाई की सास डायलिसिस पर है पटाखे फोड़ने से उन्हें उलझन हो रही थी बच्चों को पटाखे फोड़ने से मन किया गया तो उसमें बड़े कूद पड़े और घर में घुस आये और झगडा करने लगे। इसकी तहरीर उन्होंने पुलिस को दी थी, तब पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद बीती रात फिर उन्हीं लोगों ने चाय की दुकान पर बैठे भाई मुहम्मद शाहिद पर हमला बोल दिया जो लाठी डंडे और हाकी लिए हुए थे, जब भाई ने भागने की कोशिश की तो उसे दौड़ा दौड़ा कर बेरहमी से पीटा गया है। फौजी के भाई राशिद ने बताया की भाई की हालत गंभीर है उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। राशिद ने बताया की डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है जिसमें सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान का बेटा मुकीम खान भी है। फिलहाल मौदहा कोतवाली पुलिस जांच कर वैधानिक कार्यवाही की बात कह रही है।

# अजमतगढ़ खंड विकास मुख्यालय का मुख्य द्वार मनरेगा मजदूर संघ ने किया बंद

**सूचना पर 112 नंबर व जीयनपुर पुलिस मौके पर पहुंच मुख्य द्वार खुलवाया**

अमन लेखनी समाचार



सगड़ी-आजमगढ-सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास मुख्यालय का मुख्य द्वार मनरेगा मजदूर संघ ने किया बंद सूचना पर पहुंच 112 नंबर पुलिस व जीयनपुर एसएसआई देवेंद्र सिंह ने मुख्यदार द्वारा खुलवाया मनरेगा मजदूर संघ ने प्रदर्शन कर एपीओ को सौंपा ज्ञापन एक सप्ताह में निस्तारण का आश्वसन। जानकारी के अनुसार बुधवार को दिन में 12:00 बजे अजमतगढ़ खंड विकास मुख्यालय के परिसर में मनरेगा मजदूर संघ के दर्जनों की संख्या में एकत्रित होकर मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन देना चाह रही थी इस दौरान उच्चा अधिकारी की अनुपस्थित रहने पर मनरेगा मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नविता के नेतृत्व में मुख्य द्वार को बंद कर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया इस दौरान घंटे लोगों को खंड विकास परिसर से बाहर व अंदर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा जिसको लेकर बीडीसी ओम प्रकाश यादव ने 112 नंबर पर सूचना दी मौके पर 112 नंबर पुलिस व जीयनपुर एसएसआई देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए और मुख्यदार को खोलवाया इसके बाद काफी देर तक परेशान होकर मनरेगा मजदूर संघ ने एपीओ सुनील कुमार को ज्ञापन सोपा और शिकायत की इस दौरान एपीओ सुनील कुमार ने एक सप्ताह में समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया वही मनरेगा मजदूर संघ जिला अध्यक्ष नविता ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के कार्य की मांग पूर्व में कई बार की जा चुकी है श्रमिकों को काम नहीं मिलने पर भत्ता मिलना चाहिए भत्ता नहीं मिलने पर मनरेगा मजदूर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जल्द से जल्द श्रमिकों को भत्ता देने की मांग की इस दौरान मुख्य रूप से सुलेखा चौबे, रेखा मौर्य, रिंकू चौहान, गीता, योगिता, कंचन, सीमा, माधुरी, सुनीता, संगीता आदि दर्जनों की संख्या में मनरेगा मजदूर रहे।

# प्राथमिक विद्यालय इसौली के मनीष कुमार जनपद स्तरीय परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता में रहे अव्वल



**200 मीटर 400 मीटर दौड़ में हासिल किया प्रथम स्थान**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय परिषदीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारंभ हुआ ! जिसमें प्राथमिक विद्यालय इसौली के छात्र मनीष कुमार ने प्राथमिक स्तर में मनीष 200 मीटर 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सफलता हासिल कर ली ! मनीष कुमार कि इस सफलता पर सभी ने खुशी व्यक्त की ! ब्लॉक व्यायाम शिक्षक हीरालाल यादव ,प्रधानाध्यापक मो० शकील खान, ब्लॉक खेल प्रभारी निर्भय सिंह, हिंदी एआरपी रामधर यादव, अतरसेन यादव, अशोक कुमार, अनुराग मिश्रा, सिराजुद्दीन, आदि सहित अनेकों शिक्षकों ने बधाई दी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने बताया की बल्दीराय के होनहार बच्चे अच्छा प्रदर्शन करते नजर आये । निश्चित तौर पर ऐसे होनहार खिलाड़ी मंडल और राज्य स्तर तक जनपद सुलतानपुर का नाम रोशन करेंगे।

# गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक और ट्राले मौत को दे रहे दावत

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकर नगर। जनपद में चीनी मिल के शुरू होते ही सड़क पर ओवरलोड वाहनों की बाढ़ सी आ गई है। गन्ना के ओवरलोड लदे वाहन दुर्घटना का सबब बने हुए हैं।ओवरलोडेड गन्ना लादे जब ट्रक और ट्राले जब रास्ते से हिलते डुलते हुए निकलते हैं तो राहगीर डर बस इधर-उधर खिसक जाते हैं।इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। दिन भर धड़ल्ले से ओवरलोड ट्रक और ट्राले निकल कर डर पैदा करते रहते हैं।इन ओवरलोड वाहनों से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। गन्ने का सीजन शुरू होते ही ओवरलोड ट्रक ही नहीं ट्रैक्टर ट्राली भी सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। परिवहन विभाग की अनदेखी इनके हौसले बढ़ा रही है।जनपद में चीनी मिल के सेंटर बने हुए हैं जहां से गन्ना लाद कर ट्रकें मिलों को जाती हैं। इन ट्रकों और ट्रालो के चालको द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक गन्ना लादकर ओवरलोड कर दिया जाता है। जब यह ट्रकें और ट्राले सड़क से निकलती है तो हिचकोले लेती रहती हैं।यातायात माह के बावजूद इन ओवरलोड वाहनों पर लगाम नही लग रही है। एक तरफ यातायात माह के दौरान डीएम का आदेश है कि बिना रिफ्लेक्टर कोई भी ट्रक या ट्राली नहीं चलेगी लेकिन दूसरी तरफ गन्ने की ढुलाई में ऐसे ट्रक लगाये जा रहे हैं जिनके बीमा वा फिटनेस,प्रमाण पत्र तक नही है और अकबरपुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों से चीनी मिल को भेजा जाता है। सोचनीय विषय है कि बाइक सवार को आसानी से रोक लेने वाली पुलिस को गन्ने से भरे ओवरलोड वाहन दिखाई ही नही देते या फिर उन वाहनों पर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी इन ओवरलोड वाहनों पर यातायात माह में भी कोई कार्रवाई नही की गई है। हालात यह हैं कि गन्ना सीजन के दौरान अकबरपुर चीनी मिल को जाने वाले ट्रक यहां की सड़कों पर खुलेआम ओवरलोडिग करते हुए नियम कानूनों का मजाक उड़ा रहे हैं।ओवरलोड गन्ना लदे ट्राले सड़कों पर मौत बनकर दौड़ने लगते हैं। ट्रालों की चपेट में आकर लोग जान गंवा रहे हैं। आए दिन दुर्घटनाओं में राहगीर घायल होते रहते हैं। इन पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है।ओवरलोड गन्ना लदे ट्रालों से सड़क पर गन्ना गिरते रहते हैं। अगर साइड लेते समय गन्ना गिर जाए तो बाइक सवार की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# संक्षेप

## सीतापुर में एडीएम ने राजस्वकर्मियों को दिलाई कर्तव्यपरायणता की शपथ

### कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस के मौके पर हुआ शपथ ग्रहण समारोह

सीतापुर, सीतापुर में संविधान दिवस के मौके पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी, स्वायत्तशासी निकायों और संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को भारतीय गणराज्य का संकल्प एवं संविधान की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम नीतीश कुमार ने राजस्वकर्मियों को शपथ दिलाते हुये कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई0 (मिति) मार्गशीर्ष शुक्ल सत्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के इस शपथ ग्रहण के मौके पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा गंगा घाट पर पहुंचे श्रृद्धालु

### सुबह 4 बजे से मंगल स्नान के लिए लगी भीड़, शाम को गंगा आरती कर होगा दीपदान

मेरठ, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेरठ में गंगाघाटों पर सुबह से श्रृद्धालुओं की भीड़ लगी है। गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित करने के लिए श्रृद्धालु आसपास के जिलों से पहुंच रहे हैं। मेरठ, हस्तिनापुर में मखदूमपुर गंगा घाट पर सुबह 4 बजे से श्रृद्धालुओं ने स्नान प्रारंभ कर दिया। देर रात ही लोगों ने परिवार सहित गंगा किनारे डेरा डाल लिया। सुबह मंगल स्नान प्रारंभ होते ही स्नान शुरू हुआ। दिनभर स्नान होगा, शाम को दीपदान और गंगा आरती होगी। सुरक्षा के लिए प्रशासन, पुलिस की टीमें लगी हैं। गोताखोरों को भी लगाया गया है। सूर्य उपासना के महीने कार्तिक मास के अंतिम स्नान पर्व कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को हस्तिनापुर गंगा घाटों में लोगों की भीड़ जमा है। मेरठ में मखदूमपुर गंगा घाट, जानी नहर, भोला झाल, गगोल सरोवर, मुरादनगर छोटा हरिद्वार में लोग स्नान को पहुंच रहे हैं। मुख्य आयोजन मखदूमपुर गंगा घाट पर हैं। वहीं हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर में हजारों की संख्या में श्रृद्धालु गंगामेले में गए हैं।

# जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से करें, डीएम

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए



आवश्यक सामग्री/उपकरण के क्रय करने, स्टाफ की उपलब्धता, जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोटिंग सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी/पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी, शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, सीएमएस डा. बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

# आठवें दिन जनपद की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

### ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज आठवें दिन जनपद की 12 ग्राम पंचायतों क्रमशः उमापुर गानापट्टी, नुवावा, बैधिकपुर, कल्याणपुर, जगदीशपुर, इटौंजा पश्चिम, सेमरौता, बसंतपुर, लखनीपुर, मीरापुर, काजीपुर व खेममऊ में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को





पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया, जिसे 26 जनवरी, 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। सादर अवगत कराना है कि रामसजीवन पाण्डेय पुत्र श्री माताफेर पाण्डेय निवासी ग्राम पूर लदई तिवारी मजरे अहमदपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी द्वारा थाना बाजार शुक्ल पर लिखित सूचना दी गयी कि उनका बेटा सूर्यनरायन उम्र 30 वर्ष 25 नवंबर को लखनऊ जाने की बात कहकर घर से चला गया है





जिसका कोई पता नहीं चल पा रहा है । उक्त सूचना पर थाना बाजार शुक्ल पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में टीमें गठित की गयी एवं उक्त गुमशुदा की तलाश हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । बुधवार को उ0नि0 महेन्द्र सरोज थाना बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए सूर्यनरायन उपरोक्त को सेक्टर 18, नोएडा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया ।

# जामुन और गूलर के पेड़ पर चला वन माफिया का आरा, कई पेड़ हुए धराशाई



**अमन लेखनी समाचार**

तिलोई, अमेठी। क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस कि मिली भगत के कारण हरे पेड़ों का कटान जारी है। उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत वृक्षों को काटने के लिए तीन श्रेणियां बनाई गई है। प्रतिबंधित श्रेणी के वृक्षों को सरकारी विकास कार्यो में बाधा की स्थिति में सूखने या रोगगस्त होने या फिर जान माल से बाधक होने पर ही काटा जा सकता है। प्रतिबंधित श्रेणी के वृक्षों में आम, नीम, महुआ, पीपल और बरगद के पेड़ शामिल हैं। इस अपवाद को छोड़कर हरे पेड़ काटने पर पाबंदी उस प्रतिबंधित श्रेणी में 29 तरह के पेड़ शामिल हैं।नियमों को ताक पर रखते हुए लकड़ी माफियाओं द्वारा चार पांच दिन पूर्व शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर में एक होटल के निकट जामुन और गूलर के कई पेड़ों को काटा गया है स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग के उड़न दस्ते ने छापा मारा था मगर तब तक वन माफिया भाग चुके थे। तिलोई वन विभाग के डिप्टी रेंजर सचिन गौतम ने बताया कि काटे गए पेड़ों की जांच पड़ताल कराकर संबंधित मामले में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बीट इंचार्ज रामेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि बिना अनुमति पेड़ काटने पर संबंधित वन माफिया के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

### अब ये वृक्ष बिना अनुमति नहीं कटेंगे

आम (देशी, तुकमी, कलमी), नीम, साल, महुआ, बीजा साल, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़, अर्जुन, पलाश, बेल, चिरौंजी, खिरनी, कैथा, इमली, जामुन, असना, कुसुम, रीठा, भिलावा, तून, सलई, हल्दू, बाकली/करधई, धौ, खैर, शीशम और सागौन।

### दिसंबर 2025 तक लागू रहेगा प्रतिबंध ।

यह प्रतिबंध 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगा। लेकिन शर्तों के साथ काटने की अनुमति मिलेगी। मसलन वृक्ष सूख गया हो या सूख रहा हो, या व्यक्ति या सम्पत्ति के लिए खतरा पैदा कर रहा हो, सरकार द्वारा स्वीकृति विकास कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा हो, या फिर उसका सम्पूर्ण विकास हो गया हो। अथवा उसकी फल धारण करने की क्षमता खत्म हो गई हो।

### ऑनलाइन आवेदन से मिलेगी अनुमति

इन वृक्षों को काटने के लिए वन विभाग से कुछ शर्तों के आधार पर अनुमति लेनी पड़ेगी। अनुमति के लिए आवेदन ऑनलाइन किए जा सकेंगे। इस बाबत वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 7 जनवरी को गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ था इसके मुताबिक 29 प्रजातियों के पेड़ों को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है। जिले के सभी रेंजरों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में इस प्रजाति के वृक्ष नहीं कट सकते हैं। इसके लिए अनुमति लेनी पड़ेगी।

## सीतापुर में नशे में धुत दरोगा ने किया ड्रामा

सीतापुर, सीतापुर में वदीर्धारी दरोगा की रंगीन मिजाजी ने खाकी पर सवालियां निशान खड़े कर दिए हैं। शहर के एक नामचीन होटल में अपनी आईडी पर कमरा बुक कराकर शराब के नशे में होटल में दरोगा ने महिला मित्र के साथ अभद्रता की तो हंगामा शुरू हो गया। दारोगा ने इस दौरान होटल की प्लेट सहित अन्य सामानों को भी तोड़ दिया। हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस दरोगा और महिला को अपने साथ कोतवाली ले आई। दोनों का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस ने महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसपी ने अब दरोगा को लाइन हाजिर कर मामले की जांच सीओ सिटी को सौंप दी है। मामला शहर कोतवाली इलाके का है। यहां कोतवाली देहात इलाके की एक चौकी पर तैनात शीतला प्रसाद यादव ने शनिवार की देर रात शहर के एक होटल में अपनी आईडी कार्ड से कमरा बुक कराया। बताया जाता है कि दरोगा कुछ घण्टों बाद वापस शराब के नशे में धुत होकर एक महिला मित्र के साथ पहुंचे।

# बैंकों/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया चेकिंग अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

कमरौली, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम, ग्राहक सेवा केन्द्रों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में





जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

# कार्तिक पूर्णिमा पर मखदुमपुर घाट भक्तिमय हो उठा

## श्रद्धालु मखदुमपुर घाट पर पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई

**अमन लेखनी समाचार**

मवाना, मेरठ के हस्तिनापुर में मखदूमपुर गंगा घाट पर पतित पावनी गंगा मैया में सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लिया। इस दौरान गंगा घाट हर हर गंगे, जय मां गंगे के उद्घोष से दूर दूर तक गुंजायमान हो गया। गंगा घाट पर नजर आते श्रद्धालुओं की भीड़ से नजारा देखते ही बन रहा था। पाप, संताप व कष्टों को हरने वाली पतित पावनी गंगा के तटों पर फैली चांदी सी रेती पर पूर्णिमा के पवित्र स्नान पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगा के घाट पर हर श्रद्धालु हर हर गंगे के जयकारें लगाते हुए मन में आस्था लिए यही प्रयास कर रहा था कि वह भी ब्रह्म मुहुर्त में स्नान कर पुण्य का भागीदार बन जाए। वहीं तंबूओं में पकाई गई खिचड़ी के प्रसाद की सौंधी महक गांव



की संस्कृति की पौराणिकता को दर्शा रही थी। मखदूमपुर गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगभग दो लाख लोगों ने गंगा मैया में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की और सूर्य देव को अर्घ्य समर्पित किए। पूर्णिमा के अवसर पर रविवार की मध्य रात्रि से ही पूर्णिमा का मुख्य स्नान प्रारंभ हो गया था। सोमवार की सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ इस कदर उमड़ी की मेले के मुख्य द्वार तक जाम की स्थिति बन गई। गंगा तट पर किसी ने बच्चों का मुंडन कराया और किसी ने गंगा मैया की पूजा अर्चना की।

आज पूरा दिन मखदूमपुर गंगा घाट पर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। सूर्य देव की पहली किरण से पूर्व उजड़ने लगी तंबू नगरी चार दिनों से श्रद्धालुओं का मेले में पहुंचने का क्रम जारी था। गंगा तीरे तंबू नगरी सी बस गई। गंगा किनारे बजने वाले भक्ति संगीत कानों में रस घोल रहे थे। मेले में सजी रंग बिरंगी लाइट व डीजे पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं को देखते ही मेले की रौनक बन रही थी। मुख्य स्नान की रात्रि में ही तंबुओं की नगरी उजड़नी शुरू हो गई। पांच दिनों तक गुलजार रही तंबुओं की नगरी दोपहर तक विरान सी हो गई। बिछड़ों को मिलाया, प्रसाद वितरण किया। गंगा में स्नान करते समय कई परिवारों के छोटे बच्चे भीड़ में ही छूट गए। जिन्हें बजरंग दल के कार्यकताओं ने एनाउंसमेंट कर उनके परिजनों से मिलाया। परिजनों ने जिला पंचायत की व्यवस्था को कोसते हुए बजरंग दल का धन्यवाद किया। वहीं बजरंग दल शिविर में खिचड़ी व हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। बजरंग दल कार्यकताओं द्वारा गंगा सफाई अभियान भी चलाया गया।

# एसटीएफ नोएडा और खानपुर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

- क्रॉस फायरिंग में 25 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को लगी गोली, दूसरा साथी फरार

**अमन लेखनी समाचार**

बुलंदशहर, बुलंदशहर में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे एसटीएफ यूनिट गौतमबुद्धनगर और थाना खानपुर पुलिस टीम संयुक्त ऑपरेशन में लखावटी से खानपुर जाने वाले रास्ते पर ढकरौली बम्बे के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। उसी समय एक मोटर साइकिल पर सवार 2 व्यक्ति सामने से आते दिखाई दिए, जिनको रुकने का इशारा किया गया तो दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर बाइक को तेजी से मोड़कर वापस भागने लगे।



पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बदमाशों ने अपनी मोटर साइकिल ढकरौली बम्बे के कच्चे रास्ते पर मोड़ ली और मोटर साइकिल मुड़ते ही फिसल कर गिर गई। अपने आपको पुलिस से घिरता देख एक बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगी, जिसको गिरफ्तार किया गया और दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भागने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाश की पहचान दीपक पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम पारपा थाना कपूरपुर जिला हापुड़ के रूप में हुई है।

# बुलंदशहर में गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क

### 38.40 लाख रुपए की संपत्ति पर नोटिस लगाया, एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में कराई गई मुनादी

**अमन लेखनी समाचार**

बुलंदशहर, बुलंदशहर में शासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन और पुलिस लगातार बदमाशों और माफिया की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं अब प्रशासन पुलिस की टीम ने कस्बे में एक शातिर बदमाश की 38 लाख रुपए की संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई की है। एसडीएम प्रियंका गोयल और



सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त महबूब चौधरी निवासी मोहल्ला चौधरियान थाना स्याना के द्वारा गोकशी जैसे अपराध कर अवैध संपत्ति अर्जित की गई थी। अभियुक्त महबूब चौधरी के खिलाफ थाने में गोवध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पुलिस प्रशासन ने 38 लाख 40 हजार रुपए की संपत्ति कुर्क करके क्षेत्र में मुनादी कराई। प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में संपत्ति पर कुर्की का बोर्ड भी लगाया गया है। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी सूरत में अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा। 38.40 लाख की संपत्ति कुर्क करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मुनादी करते हुए नोटिस चस्पा किया।

# गंगा में डूबने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

- बहसूमा धर्मपुरा गंगा घाट पर हुई घटना, दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने आया था

**अमन लेखनी समाचार**

मवाना, मवाना के बहसूमा धर्मपुरा गंगा स्नान मेले में दोस्तों संग गंगा में स्नान करते समय किशोर गंगा में डूब गया। किशोर की डूबने की सूचना मिलने पर घाट पर अफरा-तफरी मच गई। गोताखोर की मदद से किशोर को बाहर निकाला गया। तब तक पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। धर्मपुरा गंगा घाट पर गंगा स्नान के कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दोपहर के समय गंगा मेले में अपने भाई संग शैकी उर्फ विपुल गंगा घाट पर नहाने के लिए गया। गंगा में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में जाने की वजह से 16 वर्षीय किशोर शैंकी उर्फ विपुल गंगा में डूब गया। गंगा में डूबने की घटना से दोस्तों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर लोग गंगा



घाट पर दौड़ पड़े। घाट पर ही पुलिसकर्मियों के साथ मुस्तैद थाना प्रभारी निरीक्षक सीता सिंह तुरंत घटना स्थल पर पहुंची।

थाना प्रभारी निरीक्षक सीता सिंह ने बताया कि बार-बार लोगों को हिदायत दी जा रही थी कि गहरे पानी में जाकर ना स्नान करें। थाना प्रभारी निरीक्षक सीता सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ गंगा घाट से घटनास्थल स्थल पहुंचकर गंगा घाट पर लगे स्थानीय गोताखोर को तुरंत गंगा घाट से घटनास्थल पर बुलाया। जहां पर गंगा में डूबे शैंकी उर्फ विपुल की तलाश की गई।

कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोर ने शैकी उर्फ विपुल को बेसुध अवस्था में गंगा से बाहर निकाला जहां से उसे डॉक्टर के यहां ले जाया गया। जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गंगा स्नान और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बेटे के गंगा में डूबने से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है।

## गैर इरादतन हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

हाथरस। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे 1 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार फरार/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी सुनील कुमार उर्फ बन्टी पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम टौड थाना हाथरस जंक्शन है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई उमेश बाबू व सिपाही मनोज कुमार शामिल थे।

## निर्धन महिलाओं को बांटी साड़ियां

हाथरस। आर्य समाज के मंत्री आर्य सुरेश गुप्ता और स्त्री आर्य समाज की प्रधान प्रभा गुप्ता द्वारा श्रीकृष्ण गौशाला में हर साल की भांति इस साल भी अपनी माताजी स्व. प्रेमवती गुप्ता की पुण्य स्मृति में असहाय एवं निर्धन महिलाओं को साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सुनीता मिश्रा, लता गुप्ता, मधु वार्ष्णेय, सुनीता अग्रवाल, प्रभा वार्ष्णेय, लीना, आरती वार्ष्णेय, रजनी कोशिक, अनुभा वार्ष्णेय, मालती अग्रवाल, हिना, गीता तायल, शिल्पा बंसल, लक्ष्मी गुप्ता, शालू वार्ष्णेय, सरिता वार्ष्णेय आदि मौजूद थी।

## साहित्यकार गोपाल चतुर्वेदी का जन्म दिन मनाया

हाथरस। डिब्बा गली स्थित आंधीवाल पैलेस में साहित्यकार गोपाल चतुर्वेदी का जन्म दिन मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभु बांके बिहारी लाल जी की पूजा अर्चना उपरांत साहित्यकार गोपाल चतुर्वेदी को जिला साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के महामंत्री एवं बागला डिग्री कालेज कै पूर्व प्राचार्य डा. आर.के. शर्मा ने माल्यार्पण कर सम्मान किया। फिर राष्ट्रीय कवि संगम जिलाध्यक्ष आशु कवि अनिल बौहरे तथा बृज कला केन्द्र अध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजक अतुल आंधीवाल एड. पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन ने कहा गोपाल चतुर्वेदी की साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों में निरन्तर योगदान करते रहते हैं। सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.आर.के. शर्मा संचालन आशु कवि अनिल बौहरे ने किया। इस अवसर पर आयुष आंधीबाल, कपिल नरूला, हरीशंकर वर्मा, सुनील दीक्षित आदि थे।

## एस.डी.म., सीओ, तहसीलदार व एसओ अपने क्षेत्र में ही करें रात्रि विश्राम-डीएम

हाथरस। मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन लखनऊ, अपर मुख्य सचिव (गृह) उ.प्र. शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग-3 लखनऊ द्वारा निर्गत कार्यवृत्त तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था एवं शान्ति बनाये रखने के सम्बन्ध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह निर्देश दिये हैं कि एस.डी.एम., पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार तथा थानाध्यक्ष आदि सभी अपनी तैनाती के क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें।

## जनता आदर्श इण्टर कालेज के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हाथरस। रूहेरी स्थित जनता आदर्श इण्टर कालेज के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन बडे धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समुख दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना एवं आरती उतार कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अंजुला माहौर, ब्लॉक प्रमुख श्री रामेश्वर उपाघ्याय थे। अतिथिगणों ने अपने उधोबन में ग्रमीण क्षेत्र मे शिक्षा के प्रचार के लिये विद्यालय के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य रामनाथ कौशिक एवं प्रबन्धक विनोद माहेश्वरी के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रंशसा की गई एंव विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कौशिक ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों को शॉल एवं माल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम में बच्चों को दी जानकारी

### विद्यापीठ इंटर कालेज में हुआ मतदाता जागरूकता स्वीकप कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

सासनी- २८ नवंबर। सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज सासनी में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव अग्रवाल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें बच्चोंक को संविधान के प्रस्तावना के बारे में जानकारी दी।

मंगलवार को कार्रक्रम के अं?तर्गत प्रभारी संजय कुमार ने संविधान प्रस्तावना के बारे जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना स्वतंत्रता प्रदान करने का उपबंध भी करती है। जिसका अर्थ व्यक्तिगत गतिविधियों पर संयम का अभाव और व्यक्तियों के विकास के अवसरों का प्रावधान है। स्वतंत्रता का विचार मौलिक अधिकार के माध्यम से सभी नागरिकों तक फैला हुआ है। जो विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, विश्वास और पूजा की स्वतंत्रता प्रदान करता है। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सानिध्य में संविधान प्रस्तावना की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर अरुण कुमार कौशिक, संजय कुमार, राजीव कुमार, भारत सिंह, विनय कुमार, नीरज गुप्ता, अशोक कुमार, मुकेश दिवाकर, हनी वशिष्ठ, शिवम कुशवाह, यश कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाह, तथा छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में दिया मरीजों को परामर्श और बांटी दवायें

अमन लेखनी समाचार



सासनी। को सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी श्रीमती लवगीत कौर तथा चिकित्सा अधीक्षक डा. विजय आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंगलवार को आयोजित इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में उमड़ी मरीजों की भीड़ ने उपचार कराया। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उचित परामर्श के साथ दवाइयां भी दी गई शिविर में डॉक्टर विजय आनंद चिकित्सा अधीक्षक द्वारा मानसिक रोगियों को सलाह देते हुए कहा कि इस रोग से बचने का सबसे आसान उपाय है कि मानसिक रोगियों को चाहिए कि वह किसी भी परिस्थितियों में तनाव मुक्त रहें। धूम्रपान व नशे का सेवन नहीं करना चाहिए अगर कोई समस्या हो तो परिवार एवं मित्रों के साथ साझा करना चाहिए अकेलेपन से बचें। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य टीम जनपद पर बांग्ला जिला अस्पताल के 41 नंबर कमरे में बैठती है। रोगी वहां भी परामर्श और इलाज ले सकते हैं। उप जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस तरह के जागरूकता शिविर आयोजित करने से लोगों में निश्चित तौर पर जागरूकता बढ़ेगी और आगे भी इस तरह के जागरूकता कैंप आयोजित किए जाने चाहिए। स्वस्थ मनुष्य तभी माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक एवं स्पिरिचुअल तौर पर स्वस्थ हो। मानसिक चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ ललित प्रताप, नीलिमा मधु हंसदा एवं संध्या गोस्वामी द्वारा कुल 165 लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परामर्श दिया एव स्क्रीनिंग की गई, कैंप में उपस्थित लोगों को मानसिक टीम द्वारा बताया गया की नींद ना आना या अधिक आना, डिप्रेशन, आत्महत्या का विचार आना, घबराहट, याददाश्त में कमी, सर दर्द, गुस्सा अधिक आना, बच्चों में चिड़चिड़ापन, बगैर किसी आवाज के कानों में आवाज सुनाई देना आदि मानसिक रोग के लक्षण हो सकते हैं। अगर किसी मे भी इस तरह के कोई लक्षण है तो बे झिझक मानसिक चिकित्स क से संपर्क करें। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ने बताया कि आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जायेंगे। जिससे लोगों को निःशुल्क स्वा स्थ्क लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी पर प्रत्येक महीने प्रथम गुरुवार को जिला स्त्रीय मानसिक स्वास्थ्य विजिट करती है। कोई भी मानसिक रोगी सीएचसी पहुंचकर परामर्श एवं इलाज ले सकते हैं। उन्होंषने बताया कि मानसिक जागरूकता शिविर लगाने का उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। मानसिक स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का टीकाकरण, एनसीडी काउंसलिंग, परिवार कल्याण काउंसलिंग, दंत रोग, नेत्र, नवजात शिशु परामर्श, परीक्षण, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, की सुविधा दी गई। शिविर में डॉक्टर विजय आनंद, डॉक्टर प्रवीण भारती, चतुर सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डॉक्टर रुचि कमल, डॉक्टर अलका, डॉक्टर इंदु, डॉक्टर नीतू, डॉक्टर कुपेन्द्र सिंह, गौरव, स्टाफ नर्स, अंशू एनसीडी काउंसलर, प्रमोद सिंह एमएमए, विनोद शर्मा नेत्र परीक्षण अधिकारी, सीमा स्टाफ नर्स के अलावा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एंड कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ष्णेय पेंशनर्स समिति का वार्षिक अधिवेशन मनाया धूमधाम से

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। वार्ष्णेय पेंशनर्स समिति का नवम वार्षिक अधिवेशन घंटाघर स्थित अपना वाली धर्मशाला में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संरक्षक डॉ. हरिओम प्रकाश वार्ष्णेय, राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य स्वतंत्र कुमार गुप्त एवं अध्यक्ष रमेश मधुर ने कुल प्रवर्तक श्री अक्रूर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप एवं माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा सतीश शंकर वार्ष्णेय, किशनलाल गुप्ता एवं लक्ष्मीचंद्र वार्ष्णेय का फूल माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र एवं भगवत गीता देकर सम्मानित किया गया। समिति के महामंत्री अशोक कुमार गुप्त ने वर्ष 2023 में समिति द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों से सभी सदस्यों को अवगत कराया। समिति के संरक्षक डॉ. हरिओम प्रकाश वार्ष्णेय एवं पूर्व प्रधानाचार्य स्वतंत्र कुमार गुप्त ने समिति द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा एवं सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रमेश मधुर ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। अधिवेशन की अध्यक्षता रमेश मधुर एवं संचालन अशोक कुमार गुप्त द्वारा किया गया। अधिवेशन में ओपी गुप्ता, विनोद चंद्र गुप्ता, हजारीलाल वार्ष्णेय, सत्य प्रकाश गुप्ता, स्वतंत्र कुमार गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता, बालकिशन गुप्त, सत्यदेव गुप्ता, जगदीश चंद्र गुप्ता, मूलचंद वार्ष्णेय, भगवान स्वरूप गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, डॉ. मिथिलेश गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, बीना भारती, राधेश्याम हिमांशु, सतीश चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उमेश चंद्र वार्ष्णेय, प्रदीप कुमार वार्ष्णेय आदि तमाम वार्ष्णेय बंधु मौजूद थे।

# विभिन्न रेस्टोरेंटों/ढाबों/परचून दुकानों की चेकिंग की गई

अमन लेखनी समाचार



हाथरस--अवैध शराब निर्माण/बिक्री/परिवहन /भंडारण अपमिश्रण के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत तथा आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी हाथरस के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी हाथरस कृष्ण मोहन के नेतृत्व में आज जनपद हाथरस में आबकारी टीम द्वारा थाना हसायन अंतर्गत रति का नगला, श्रीनगर, हरिनगर

बदनपुर तथा थाना मुरसान अंतर्गत कंचना, गोबरारी, मुरसान कस्बा तथा थाना हाथरस गेट अंतर्गत लहरा, नगला कुंवरजी, परतापुर, गढ़ी तलना, धतुरा खुर्द तथा थाना सासनी अंतर्गत मौजपुर, अखरोई, जंगपुर, शाहपुर खुर्द तथा थाना सादाबाद अंतर्गत ग्राम गीगला, गुरुसोटी, गोविंदपुर, नगला कंचन, बारोस आदि क्षेत्रों में दबिश दी गई। साथ ही उक्त क्षेत्र में स्थित विभिन्न आबकारी दुकानों पर टेस्ट परचेसिंग करते हुए औचक निरीक्षण किया गया तथा अनुज्ञापियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उक्त क्षेत्र में स्थित विभिन्न रेस्टोरेंटों/ढाबों/परचून दुकानों की चेकिंग की गई। इस दौरान लोगों को अवैध एवं जहरीली शराब का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया तथा किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा की जानकारी होने पर तुरंत आबकारी विभाग को सूचित करने के लिए कहा गया. सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा. कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार आबकारी निरीक्षक (हाथरस सदर) तथा अच्छे लाल मिश्र आबकारी निरीक्षक (सासनी) मय आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे।

## जनता की शिकायतों को ढंग से सुनकर करें निष्तारित-डीएम

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं यथाशीघ्र निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंनें निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। विशेषकर भूमि सम्बन्धी विवाद में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी यदि आवश्यक हो तो राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाये। सरकारी सीयूजी नम्बर पर अधिकारीगण स्वयं उत्तर दें एवं जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर भी सम्पर्क में रहें, जिससे जनपद में समन्वित रूप से जनसमस्याओं का निस्तारण हो सके। प्रदेश में आई.जी.आर.एस. की प्रणाली लागू है। अगर शिकायतों का निस्तारण समय पर हो तो जनपद की रैंक अच्छे स्तर पर रहेगी।

# कन्या इंटर कॉलेज में हुई स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतियोगितायें

अमन लेखनी समाचार




सासनी- २८ नवंबर। कन्या इण्टर कालेज में स्वीप कार्यक्रम के दौरान जिसके अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने मेंहदी, पोस्टर, रंगोली, निबन्ध, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया।

मंगलवार को प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीवास्त व की अध्यओक्षता में कराई गई प्रतियोगिताओं में कन्या इण्टर कालेज सासनी, विद्यालपीठ इण्टर कालेज सासनी, के०एल०जैन इण्टर कालेज सासनी, राजकीय हाईस्कूल दरकौली, राजकीय हाईस्कूल सहजपुरा, आदि विद्यालयों के लगभग दो दर्जन से अधिक छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्या तिथि के रूप में मौजूद एसडीएम श्रीमती लवगीत कौर ने मां सरस्व ती के छबि ?चित्र के सामने दीप जलाकर तथा पुष्परहार अर्पित कर किया। मेंहीद प्रतियोगिता में के एल जैन इंटर कालेज की कु. नंदिता सिंह ने प्रथम स्थाशन प्राप्त् किया। वहीं विद्यापीठ इंटर कालेज की हिना द्वितीय और मोहिनी कन्याी इंटर कालेज तीसरे स्था न पर रहीं। पोस्ट्र प्रतियोगिता में प्रियंका कुशवाहा प्रथम देवकी द्वितीय स्थाकन पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में सपना प्रथम, कशिश द्वितीय, तथा दीक्षा कुशवाहा ने तृतीय स्था न प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्राची रंजन प्रथम, नंदनी द्वितीय, साक्षी पाठक तीसरे स्थागन पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रिया चौधरी प्रथम, मानवी द्वितीय और अंश गुप्ता ने तृतीय स्थापन प्राप्ता किया। इस दौरान श्रीमती रचना रानी, श्रीमती सुरभि, श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती अनीता रानी, श्रीमती ऊषा सिंह, श्रीमती नीरज गुप्ताक, संजय कुमार, पंकज जैन, आदि शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बने डा.भरत यादव

हाथरस। शहर के वरिष्ठ सर्जन डॉ. भरत यादव को प्रदेश संगठन महामंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले यादव महासभा का विस्तार करते हुए जनपद हाथरस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। शहर के वरिष्ठ युवा चिकित्सक डॉ. भरत यादव सरिता प्रेम हॉस्पिटल, मोहनगंज के संचालक हैं एवं कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव एड़. के सुपुत्र हैं। इनकी बड़ी बहन न्यायाधीश हैं। संघ परिवार की विचाराधारा रखने वाले डॉ. भरत यादव शुरूआत से ही गरीब, असहायों की सेवा करते रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद आदि संगठनों एवं सामाजिक कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सक्रिय हैं। पत्र जारी होते ही प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम कैलाश यादव ने शुभकामनाएँ दी एवं समस्त समुदाय एवं परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है एवं डॉ. भरत यादव का भव्य स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. भरत यादव ने शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जिलाध्यक्ष बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है।

## एस.आर.बी के छात्रों ने लोहागढ़ गुरुग्राम का किया भ्रमणःखूब की मस्ती

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। आगरा रोड स्थित श्री राधा बिहारी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने गुरुग्राम के लोहागढ़ फार्म हाउस का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों के ग्रुप को सुबह प्रातः वेला में विद्यालय के अध्यक्ष एपी सिंह, निदेशक प्रदीप सेंगर व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह, प्रबंधक पुनीत सिंह द्वारा श्री राधा बिहारी के मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया। साथ ही प्रमुख समाजसेवी नन्नूमल गुप्ता ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया।

एस.आर.बी पब्लिक स्कूल के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण में कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्र-छात्रायें बड़े ही उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। जिसमें 94 विद्यार्थियों के साथ शिक्षक शिक्षिकायें भी शामिल थे। स्कूली बच्चों ने लोहागढ़ में बड़े उत्साह के साथ ऊंट की सवारी, विद्युत सांड की सवारी, जिपलाइन, रस्साकशी, डरावने हांटेड हाउस का आनंद, कमांडो नेट राइडिंग, विभिन्न प्रकार के गानों पर डीजे का आनंद, ट्रैक्टर सवारी, पुराने जमाने के अन्य यंत्रों का अवलोकन, तीरंदाजी, कठपुतलियों का नाच, जादूगरों के करिश्मा, कंचा गोली का खेल, गुलेल की निशानेबाजी, क्रिकेट और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, जूठ की बोरी के साथ दौड़ना, आंखें बंद करके निशाना लगाना, रस्सी पर चढ़कर विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद, ऊंट गाड़ी की सवारी, पनघट को देखकर अत्यधिक प्रसन्नता का भी अनुभव किया।

इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। जिसमें मुख्य रूप से जलेबी, रबड़ी, विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट व देसी सब्जी और रोटी, अनेक मिठाइयां, चाइनीस फूड, नींबू शिकंजी, गन्ना, मूली, गाजर, देसी घी और मक्खन से निर्मित अनेक प्रकार के लाजवाब व्यंजन शामिल थे। सभी छात्र पूरे दिन खुश और आनंदित रहे।

श्री राधा बिहारी स्कूल का यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के अध्यक्ष एपी सिंह, निदेशक प्रदीप सेंगर, प्रिंसिपल विक्रम सिंह, प्रबंधक पुनीत सिंह के साथ सुनील चैधरी, सौरव वार्ष्णेय, भाग्येश तिवारी, निमिषा शर्मा, रवि कुमार, नीतू रानी, महिमा अग्रवाल, नयनिका वार्ष्णेय, शालू वार्ष्णेय, प्रियांशी शर्मा, अक्षिता वार्ष्णेय आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की कुशल निगरानी में संपन्न हुआ।

एस.आर.बी. पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक भ्रमण ग्रुप में कक्षा 6 से 12 वीं तक के छात्रों में आर्यन सिसोदिया, पियूष सिसोदिया, सत्यवीर सिंह, प्रियांशु कुमार, शंशाक कुशवाहा, यशवीर सिंह, मोनाली, लक्षिका सिंह, मानवी रावत, ख्याति प्रवेश, हैप्पी सिंह, अदिती पोनिया, महिमा सिंह, खुशी सिंह, अक्षत पोनिया, डेविड, नमन आदि थे। पुरातन जमाने की चीजों को देखकर सभी छात्र रोमांचित थे। इस भ्रमण के सकुशल आयोजन पर सभी अभिभावक भी खुश थे।

## गौ अनुसंधान केंद्र परखम मथुरा के लिए बसों से रवाना हुए हजारों गौ भक्त

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के लोकार्पण के अवसर पर शहर से आज अधिक से अधिक गौभक्त लोकार्पण समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हों के लिये नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष पं.आशीष शर्मा ने स्थानीय सीयल स्थित सुरजोबाई विद्यालय से गौ भक्तों की बस को दीनदयाल धाम फरह मथुरा के लिए रवाना किया गया। आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण दीनदयाल गऊ ग्राम परखम मथुरा में आज हुआ है। जिसमें प्रख्यात संत साध्वी ऋतंभरा जी (दीदी मां) व साध्वी मंगला माताजी (हंस फाउंडेशन) का सानिध्य व आशीर्वाद स्वयंसेवकों को मिला है। साथ ही सदस्य अखिल भारतीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शंकर लाल की उपस्थिति रहेगी। लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले गौ भक्तों की बस को रवाना करने से पूर्व निवर्तमान पालिका अध्यक्ष पं.आशीष शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति गौ माता की सेवा-पूजा करता है। उस पर आने वाली सभी प्रकार की विपदाओं को गौ माता हर लेती हैं। गौ माता के खुर में नागदेवता का वास होता है। जहां गौ माता विचरण करती है उस जगह सांप बिच्छू नहीं आते। गौ माता के गोबर में लक्ष्मीजी का वास होता है। जनपद मथुरा के परखम में आयोजित गौ अनुसंधान केंद्र के शुभारंभ के मौके पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए एक बस श्रीमती ओमवती देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में तमाम गौ भक्तों को लेकर मथुरा प्रखंड के लिए रवाना हुई और बस को प्रधानाचार्य एवं भाजपा नेता मनोज कुशवाहा द्वारा रवाना किया गया।

## युवा पीढ़ी रील बनाने की बजाय शिक्षा पर दे ध्यान- डा. एसएस भारत

हाथरस। शहर के महात्मा गाँधी इंटर कॉलेज में मानवाधिकार सहायता संघ अंतर्राष्ट्रीय के बैनर तले आज नारी सशक्तिकरण एवं शैक्षिक जागरूकता मिशन का कैम्प लगाया गया। प्रदेश अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ बलवीर सिंह एवं योगेश कुमार प्रदेश सचिव, राजेश कुमार जिलाध्यक्ष एवं युवा प्रदेश सचिव के नेतृत्व में उक्त कार्यक्रम कराया गया। जिसमें स्कूल के समस्त छात्र एवं छात्राओं को अलीगढ से आये संजय सोनी ब्रज प्रान्त चेयरमैन, राष्ट्रीय मुख्य उपाध्यक्ष यतेंद्र कुमार शर्मा ने खुद को कैसे मजबूत बनाया जाये एवं समाज तथा देश को उत्कृष्ट बनाने के लिए कौन से कार्य किये जायें पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. एस. भारत ने बताया कि छात्र भारत के भविष्य हैं।

# नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है, लेकिन शिक्षकों के लिये चुनौतियां

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। शहर के नबीपुर रोड स्थित श्री रामेश्वरदास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर भारत को विश्वगुरु बनाने में एक मार्गदर्शक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विधान द्वारा विचारों का मंथन किया गया।

संगोष्ठी की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से हुई। जिसमें उद्घघाटन सत्र में संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. चन्द्रशेखर (कुलपति राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य वि. वि. अलीगढ़), मुख्यातिथि प्रो. ए. पी. पांडेय (पूर्व कुलपति, मणिपुर वि. वि. मणिपुर), मुख्यवक्ता वी. के. सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रजवलित कर उप कुलपति, प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम नारायण अग्रवाल, प्रबंधक प्रदीप गोयल तथा प्राचार्या ने किया। उद्घघाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में प्रो. चन्द्रशेखर कुलपति राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, मुख्य अतिथि डा. के. पी. पाण्डेय पूर्व कुलपति मणिपुर विश्वविद्यालय मणिपुर, बीज वक्ता प्रो. वी.के. सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रो. के.सी. वशिष्ठ, डॉ. आर.आर. पाडेय, मो. नंदिता सत्संगी, प्रो. रश्मिरेखा पाण्डेय, पूर्व प्राचार्या एस.आर. डी. ए. की उपस्थिति से संगोष्ठी को मान बढ़ाया।

प्राचार्या प्रो.इन्दु द्वारा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। प्राचार्या ने बताया कि हमें अपनी परम्परा को जीवित करना है और संस्कृति को महत्त्व देना है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि हमें विश्वगुरु बनना है तो हमें अपने साहित्य को अपने संस्कृति को आगे बढ़ाना होगा। बीजवक्ता वी.के. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि अब विद्यार्थियों को संकाय विशेष के विषय को पढ़ने की बाध्यता खत्म हो गयी है। एर्न.इ.पी. में भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। विशिष्ट अतिथि प्रो. नंदिता संत्संगी ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए उपयोगी तो है लेकिन इससे शिक्षकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है कि वह कैसे इसे कक्षाकक्ष में लागू करें।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित 'सुल्तान मिर्जा' का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़िल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़िल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़िल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वीजी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़िल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फिल्म की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है।

लाइफ Style

# शोभिता

## जिगरा' का बनीं हिस्सा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शोभिता 'द बॉडी', 'घोस्ट स्टोरीज' और 'मेजर' जैसी हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा अभिनेत्री कई मलयालम और तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। शोभिता ने 2019 में 'मेड इन हेवन' के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा था।

धर्मा प्रोडक्शंस के साथ आलिया भट्ट मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म 'जिगरा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेत्री इस फिल्म में न सिर्फ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, बल्कि इसका निर्माण भी कर रही हैं। खबर है कि आलिया के अलावा शोभिता धुलिपाला भी 'जिगरा' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 'जिगरा' की बात करें तो यह फिल्म 27 सितंबर,2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसका निर्देशन वासन बाला ने किया है। हाल ही में आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि शोभिता 'जिगरा' की स्टारकास्ट से जुड़ चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया ने कुछ दिन पहले ही इंस्टाग्राम पर शोभिता को फॉलो करना शुरू किया है।

शोभिता ने साल 2016 में आई फिल्म 'रमन राघव 2.0' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसका निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। शोभिता 'द बॉडी', 'घोस्ट स्टोरीज' और 'मेजर' जैसी हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा अभिनेत्री कई मलयालम और तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। शोभिता ने 2019 में 'मेड इन हेवन' के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा था।



हॉलीवुड मसाला



# अपनी बेटी का नाम रखा लंदन

**लॉस एंजिलस।** अमेरिकी मॉडल और एक्ट्रेस पेरिस हिल्टन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्होंने पति कार्टर रीम के साथ अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। 42 वर्षीय एक्ट्रेस पेरिस हिल्टन सरोगेसी के जरिए दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पिंक बेबी आउटफिट की फोटो शेयर करते हुए अपने बच्चे का जेंडर और उसके नाम का खुलासा किया है। एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए आउटफिट पर उनकी बेटी का नाम 'लंदन' लिखा है। उन्होंने कहा कि लंदन उनका सबसे पसंदीदा शहर है।



# काइली को मिला नया बॉयफ्रेंड...

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में मशहूर मॉडल काइली जेनर ने हॉलीवुड एक्टर तिमोथी चेलमेट के साथ अपने रिश्ते पर आखिरकार मुहर लगा दी। दोनों के रिलेशनशिप को लेकर काफी समय से खबरें सामने आ रही थीं, लेकिन कपल ने खुल्लम खुल्ला एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। काइली और तिमोथी एक वीडियो में दोनों एक-दूजे को किस करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, काइली और तिमोथी पॉपुलर सिंगर बेयोंसे के लॉस एंजिल्स में आयोजित एक कॉन्सर्ट में शरीक हुए थे। इस इवेंट में कई नामी हस्तियां शामिल हुई थीं। म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान काइली और तिमोथी ने जमकर लिप लॉक किया, जिसका वीडियो इंटरनेट पर छा गया है। रिलेशनशिप की



# मलाइका के हाथ ऐसे लगा छैंया-छैया गाना

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान ने हाल ही में खुलासा किया कि रवीना टंडन और शिल्पा शेट्टी ने शाहरुख खान के फेमस गाने के लिए मलाइका अरोड़ा को चुने जाने से पहले 'छैया छैया' को ठुकरा दिया था। फराह खान ने खुलासा किया, 'हर हीरोइन ने उस गाने को करने से मना कर दिया था। फराह ने बताया कि 'हम इस बात को लेकर कंफ्यूज थे कि इस गाने के लिए किसे चुनें। तभी मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मुझसे कहा कि मलाइका बहुत अच्छी डांसर हैं। मुझे शॉकिंग लगा कि वह घाघरा-चोली में डांस कैसे करेगी इसलिए, मैंने उसे दो दिन पहले ऊटी बुलाया और हमने रात में रिहर्सल की। उन्होंने आगे कहा, 'कोई नहीं जानता था कि मलाइका एक मॉडल हैं, मैं उसे जानती थी क्योंकि हम अरबाज को जानते थे तभी हमने उन्हें देखा था।



# कांतारा चैप्टर-1 में दिखा खूंखार अवतार

**मुंबई।** कांतरा की अपार सफलता के बाद मेकर्स अब फिल्म का अगला पार्ट कांतरा चैप्टर 1 ला रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म की अनाउंसमेंट की गई थी, जिसके बाद आज फिल्म का पहला लुक और इसका टीजर रिलीज हो गया है, जो काफी शानदार है। इस टीजर में एक्टर और निर्देशक ऋषभ शेट्टी को एक भयानक और दिलचस्प रूप में दिखाया गया है। इसकी शुरुआत ऋषभ को भयानक जंगल में भागते हुए देखा जा रहा है। बैकग्राउंड में एक खूंखार म्यूजिक भी सुनाई दे रही है। वहीं कांतारा चैप्टर 1 के अगले साल 7 भाषाओं 'कांतारा चैप्टर-1' को हिंदी और कन्नड़ सहित तमिल, तेलुगु, मलयालम, इंग्लिश और बंगाली भाषा में रिलीज होगी। इसकी शूटिंग दिसंबर के अंत में शुरू होगी। फिलहाल फिल्म के कलाकारों का खुलासा नहीं किया गया है।

टीवी मसाला



# 'सारेगामापा - 2023' के विनर अल्बर्ट बोले- सपना सच हो गया

**नई दिल्ली।** अपने प्रीमियर के तीन महीने बाद, जी टीवी का 'सा रेगामापा 2023' रविवार, 26 नवंबर को एक ग्रैंड फिनाले के साथ समाप्त हो गया। इसी के साथ इस सीजन का विनर भी मिल गया। पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग के अल्बर्ट काबो लेप्चा को म्यूजिक टीवी रियलिटी शो का विनर घोषित किया गया है। पूरे सीज़न में, दर्शकों ने जजों - हिमेश रेशमिया, अनु मलिक और नीति मोहन को शो में सिंगिंग सेंसेशन को गाइड करते देखा गया। इस दौरान शो के होस्ट के रूप में आदित्य नारायण ने सभी का जमकर एंटरटेनमेंट भी किया।

## निष्ठा फर्स्ट, रनिता सेकंड रनर अप

ग्रैंड फिनाले में अल्बर्ट काबो लेप्चा को 'सा रे गा मा पा 2023' के पूरे सीज़न में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अल्बर्ट को शो के जजों और दर्शकों द्वारा बहुत प्यार मिला। ग्रैंड फिनाले के दौरान अल्बर्ट को ट्रॉफी दी गई। वहीं फाइनलिस्ट निष्ठा शर्मा फर्स्ट रनर अप और रनिता बनर्जी सेकंड रनर अप रहीं।

## अल्बर्ट ने कहा- नई सिंगिंग जर्नी का इंतजार

वहीं सा रे गा मा 2023 के ट्रॉफी जीतने के बाद अल्बर्ट ने कहा, "यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है! ईमानदारी से कहूं तो, कंप्टीशन काफी मुश्किल था, क्योंकि सीज़न के सभी कंटेस्टेंट बहुत ज्यादा टैलेंटेड थे। मैं अपने सभी गुरुओं और जजों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा सपोर्ट किया और एक सिंगर के रूप में मेरी क्षमता बढ़ाने में मदद की। मुझे आइकॉनिक विवेक कर द्वारा कंपोज्ड किया गया। मैं अपनी नई सिंगिंग जर्नी का इंतजार कर रहा हूं।

## अल्बर्ट को चैनल ने यूं दी जीत की बधाई

वहीं जीटीवी ने भी अलबर्ट को जीत की बधाई देते हुए लिखा, " बहुत बहुत बधाई अल्बर्ट, आपकी परफॉर्मेंस के हर नोट में जीत की गूंज सुनाई देती है! आपके संगीत ने सभी के दिलों को छू लिया और हम सभी को इंस्पायर किया। हम आपके म्यूजिकल फ्यूचर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

### टॉप 5 में ये थे कंटेस्टेंट

बता दें कि सारेगामापा 2023 के टॉप 5 फाइनलिस्ट में सोनिया गज़मेर, स्नेहा भट्टाचार्य, निष्ठा शर्मा, अल्बर्ट काबो लेप्चा, और रानिता बनर्जी थे। वहीं ग्रैंड फिनाले एपिसोड में जजों के साथ गोविंदा, उनकी पत्नी सुनीता आहूजा और दिग्गज एक्ट्रेस अरुणा ईरानी भी शामिल हुईं थीं।

# राधिका ने की विजय की तारीफ बोलीं- वो बहुत शानदार हैं...

**मुंबई।** राधिका आप्टे को पिछली बार फिल्म 'मिसेज अंडरकवर' में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जीस पर उपलब्ध है। मौजूदा वक्त में राधिका फिल्म 'मैरी क्रिसमस' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे तो वहीं राधिका फिल्म में मेहमान की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अब राधिका ने खुलासा किया कि उन्होंने महज 2 दिन में 'मैरी क्रिसमस' की शूटिंग को पूरा किया था। इसके साथ उन्होंने विजय की जमकर तारीफ की। राधिका ने विजय की भी जमकर तारीफ की और कहा वह शानदार अभिनेता हैं। वह बहुत प्यारे आदमी हैं। 'मैरी क्रिसमस' अगले साल 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इससे पहले यह फिल्म 8 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म की कहानी क्रिसमस के दिन के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो कैटरीना-विजय की दुनिया को उलट-पुलट कर देती है।



***राधिका ने श्रीराम राघवन के बारे में कही ये बात :*** *'मैरी क्रिसमस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है और यह 'बदलापुर' और 'अंधाधुन' के बाद श्रीराम के साथ राधिका का तीसरा सहयोग है। एक बातचीत में राधिका ने कहा, मैं हमेशा श्रीराम की फिल्में करना चाहूंगी। भले ही वह एक दृश्य के लिए ही क्यों न हो। 'मैरी क्रिसमस' के लिए उन्होंने मुझसे संपर्क किया और मैंने तुरंत हां कर दिया था। मैंने फिल्म की शूटिंग 2 दिन में पूरी कर ली थी।*

# एनिमल की धड़ाधड़ बुकिंग, सैम बहादुर बेहद स्लो, एक दिसंबर को आ रहीं दोनों फिल्में ...

**मुंबई।** जैसे-जैसे 1 दिसंबर नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे विक्की कौशल की 'सैम बहादुर' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बीच बॉक्स ऑफिस क्लैश भी फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा रहा है। दिलचस्प बात ये है कि दोनों ही फिल्में रिलीज से पहले काफी चर्चा बटोरने में कामयाब हो रही हैं। जहां रणबीर की फिल्म एनिमल वॉयलेंस क्राइम साागा है तो वहीं विक्की कौशल की फिल्म पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक है। फिलहाल दोनों ही फिल्मों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म की एडवांस बुकिंग देखते हुए इसके बंपर ओपनिंग करने की उम्मीद की जा रही है साथ ही ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि ये फिल्म रणबीर कपूर के करियर की सबसे बड़ी ओपनर साबित हो सकती है।



***'एनिमल' की एडवांस बुकिंग 3 लाख के करीब पहुंची :*** 'एनिमल' को एडवांस बुकिंग में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल के देशभर में सभी भाषाओं में अब तक 2 लाख 99 हजार 86 टिकटों की बुकिंग हो चुकी है। इसी के साथ ये फिल्म रिलीज से पहले ही 6 करोड़ 42 लाख का कलेक्शन कर चुकी है। इन सबके बीच 'एनिमल' का तीन घंटे से ज्यादा का रन टाइम और 'ए' रेटिंग ने फिल्म के लिए एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है।

## 'सैम बहादुर' की एडवांस बुकिंग मात्र 19 हजार

'एनिमल' के मुकाबले 'सैम बहादुर' की एडवांस बुकिंग की रफ्तार काफी धीमी है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 'सैम बहादुर' के अब तक एडवांस बुकिंग में 18 हजार 861 टिकटों की प्री बुकिंग हुई है। इसके साथ फिल्म ने रिलीज से पहले प्री टिकट सेल से 64.13 लाख का कलेक्शन किया है।

## *एडवांस बुकिंग में 'एनिमल' है 'सैम बहादुर' से आगे*

*एडवांस बुकिंग रिपोर्ट साबित कर रही है कि रणबीर कपूर की फिल्म एडवांस बुकिंग के मामले में विक्की कौशल की फिल्म से काफी आगे चल रही है। अब देखने वाली बात होगी कि 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ये दोनों फिल्में कितने करोड़ के साथ ओपनिंग करती हैं।*

## फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 2023 में कई स्टार्स ने अवॉर्ड किए अपने नाम

# आलिया और मनोज को मिला बेस्ट एक्टर का ओटीटी अवॉर्ड

*ओटीटी सीरीज और वेब ओरिजन फिल्मों के बेहतरीन कलाकारों, निर्देशकों, कहानीकारों, संगीतकारों और तकनीशियनों को सम्मानित करने के लिए 26 नवंबर, रविवार को फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स 2023 का चौथा एडिशन होस्ट किया गया।*

**नई दिल्ली।** इस अवॉर्ड फंक्शन में कुछ बेहतरीन नाम आइकॉनिक ब्लैक लेडी (ट्रॉफी) को अपने घर ले गए। वैसे सबसे ज्यादा अवॉर्ड अमेजॉन प्राइम वीडियो की सीरीज ने अपने नाम किए। फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड विनर 2023 के में इन एक्टर्स ने भी अपना नाम विजेताओं की सूची में दर्ज कराया।

## फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड विनर 2023

बेस्ट सीरीज-स्कूप। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स-ट्रायल बाय फायर। बेस्ट डायरेक्टर सीरीज-विक्रमादित्य मोटवानी (जुबली)। बेस्ट डायरेक्टर क्रिटिक्स-रंदीप झा (कोहरा)। बेस्ट एक्टर सीरीज (मेल): ड्रामा सुविन्दर विक्की (कोहरा)। बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) क्रिटिक्स: ड्रामा विजय वर्मा (दहाड़)। बेस्ट एक्टर सीरीज (फीमेल): ड्रामा,राजश्री देशपांडे (ट्रायल बाय फायर)। बेस्ट एक्टर सीरीज (फीमेल), क्रिटिक्स: ड्रामा करिश्मा तन्ना (स्कूप) और सोनाक्षी सिन्हा (दहाड़)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, सीरीज (मेल): ड्रामा बरुण सोबती (कोहरा)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, सीरीज (फीमेल): ड्रामा तिलोत्तमा शोम (दिल्ली क्राइम सीजन 2)। बेस्ट एक्टर सीरीज (मेल): कॉमेडी अभिषेक बनर्जी (द ग्रेट वेडिंग्स ऑफ मुन्नेस)। बेस्ट एक्टर सीरीज (फीमेल): कॉमेडी मानवी गगरू (टीवीएफ ट्रिपलिंग)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर,सीरीज(मेल): कॉमेडी अरुणाभ कुमार (टीवीएफ पिचर्स एस 2)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, सीरीज (फीमेल): कॉमेडी शेरनाज़ पटेल (टीवीएफ ट्रिपलिंग एस 3)।



**बेस्ट कॉमेडी (सीरीज/स्पेशल):** टीवीएफ पिचर्स एस 2। बेस्ट नॉन-फिक्शन ओरिजन, सीरीज/स्पेशल : सिनेमा मरते दम तक। बेस्ट फिल्म, वेब ओरिजनल-सिर्फ एक बंदा काफी है। बेस्ट डायरेक्टर, वेब ओरिजिनल फिल्म-अपूर्व सिंह कार्की (सिर्फ एक बंदा काफी है)। बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजिनल फिल्म (मेल) - मनोज बाजपेयी (सिर्फ एक बंदा काफी है)। बेस्ट एक्टर क्रिटिक(मेल) : फ़िल्म राजकुमार राव (मोनिका ओ माय डार्लिंग)। बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजिनल फिल्म (फीमेल)-आलिया भट्ट (डार्लिंग्स)। बेस्ट एक्टर, क्रिटिक्स (फीमेल): फ़िल्म शर्मिला टैगोर (गुलमोहर), सान्या मल्होत्रा (कटहल)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, वेब ओरिजिनल फिल्म (मेल)- सूरज शर्मा (गुलमोहर)। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, वेब ओरिजिनल फिल्म (फीमेल) अमृता सुभाष (लस्ट स्टोरीज़ 2), शेफाली शाह (डार्लिंग्स)।

## शॉर्ट फिल्मों में इन्होंने मारी बाज

बेस्ट शॉर्ट फिल्म (फिक्शन)-जहान। बेस्ट डायरेक्टर, शॉर्ट फिल्म-साक्षी गुरनानी (ग्रे)। बेस्ट एक्टर शॉर्ट फिल्म (मेल)-मानव कौल (फिर कभी)। बेस्ट एक्टर शॉर्ट फिल्म (फीमेल) मृणाल ठाकुर (जहान)। बेस्ट शॉर्ट फिल्म के लिए पॉपुलर चॉइस पुरस्कार-सोल-कढ़ी।